# विजय मत

राष्ट्र को समर्पित

मप्र और छत्तीसगढ़ से एक साथ प्रकाशित

हिन्दू नववर्ष, गुड़ी पड़वा एवं चैत्र नवरात्र की हार्दिक शुभकामनाएं

www.vijaymat.com | भोपाल, रविवार, 30 मार्च 2025 | वर्ष- 10 | अंक- 104 | पेज- 08 | मूल्य- ₹ 5.00/-


# भारतीयों ने खूब लिया कर्जः 11 माह में 15 लाख करोड़ रुपये का लोन लेकर तोड़ा पिछले साल का रिकॉर्ड

## पर्सनल लोन का हिस्सा कुल लोन का 35.71प्रतिशत रहा, गोल्ड लोन में 5.78प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बैंकों ने इस साल खूब लोन बांटे हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बैंकों ने वित्तीय वर्ष के पहले 11 महीनों में 15.3 लाख करोड़ रुपये का नया लोन दिया है। इससे उनका कुल लोन 175.56 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह पिछले साल से 9.3प्रतिशत ज्यादा है। यानी इस बार लोन देने के मामले में पिछले साल का रेकॉर्ड तोड़ दिया है। लोगों ने सबसे ज्यादा पर्सनल लोन लिए हैं। कुल नए लोन में से पर्सनल लोन का हिस्सा सबसे बड़ा है। लेकिन इंडस्ट्री को दिए जाने वाले लोन में कमी आई है। यह अब केवल 14.5प्रतिशत ही रह गया है। होम लोन की बात करें तो यह करीब 17प्रतिशत है। होम लोन का आंकड़ा इंडस्ट्री को दिए जाने वाले लोन से भी ज्यादा है।



### कहां दिया कितना लोन?

- 15.33 लाख करोड़ रुपये के नॉन फूड लोन में से पर्सनल लोन सबसे बड़ा हिस्सा है। यह 5.47 लाख करोड़ रुपये है जो कुल लोन का 35.71प्रतिशत है।
- इसके बाद सर्विस सेक्टर का नंबर आता है। सर्विस सेक्टर को 4.64 लाख करोड़ रुपये का लोन दिया गया है, जो कुल लोन का 30.3प्रतिशत है।
- पर्सनल लोन में होम लोन की मांग सबसे ज्यादा रही। होम लोन में 2.6 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है। यह कुल लोन का 16.95प्रतिशत है।
- इंडस्ट्री को सिर्फ 2.22 लाख करोड़ रुपये का लोन मिला है। यह कुल लोन का 4.51 प्रतिशत है।

### कृषि लोन में भी आई तेजी

किसानों को दिए जाने वाले लोन में भी तेजी आई है। कृषि लोन में 1.93 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है, जो कुल लोन का 12.59प्रतिशत है। बड़े उद्योगों को लोन देने में बैंक थोड़े सुस्त रहे। उन्हें सिर्फ 1.15 लाख करोड़ रुपये का लोन मिला। सर्विस सेक्टर में व्यापार और रियल एस्टेट में सबसे ज्यादा लोन लिए गए।

### इनका लोन हुआ कम

कुछ सेक्टर ऐसे भी हैं जिनमें लोन कम हुआ है। हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों को 1051 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। पब्लिक फाइनेंस इंस्टीट्यूशंस को 9369 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

### गोल्ड लोन में आया उछाल

गोल्ड लोन में भी उछाल आया है। इस तरह के लोन में 88,636 करोड़ रुपये (5.78प्रतिशत) की वृद्धि हुई है। इसका मतलब है कि लोग सोना गिरवी रखकर ज्यादा लोन ले रहे हैं। गाड़ियों के लिए लोन में 46,384 करोड़ रुपये (3.02प्रतिशत) की वृद्धि हुई है। क्रेडिट कार्ड से खर्च करने वालों की संख्या भी बढ़ी है। क्रेडिट कार्ड के बकाया बिलों में 30,031 करोड़ रुपये (1.95प्रतिशत) की वृद्धि हुई है।

### तेजी का कारणः पर्सनल लोन लेना आसान हुआ

दरअसल, इस समय पर्सनल लोन लेना काफी आसान हो गया है। बहुत सारी एनबीएफसी कंपनियां बहुत कम कागजी प्रक्रिया के चुटकियों में लोन दे रही हैं। इसके लोन के लिए अब बैंक में भी जाने की जरूरत नहीं पड़ती। सारी प्रक्रिया ऑनलाइन हो जाती है। सैलरीड क्लास को लोन काफी तेजी से मिल जाता है। यही कारण है कि पर्सनल लोन में सबसे ज्यादा लिया गया है।

## दो दिवसीय 'आईएम बीजेपी फ्यूचर फोर्स' बूट कैंप का शुभारंभ

# लोकतंत्र की रक्षा के लिए जनसेवक बनकर कार्य करें युवा उद्यमी व प्रोफेशनल्स : मोहन

**विजय मत, भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में ''आईएम बीजेपी फ्यूचर फोर्स'' के दो दिवसीय बूट कैंप का शुभारंभ कर संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि एक हजार साल की गुलामी के बाद वर्ष 1947 में देश आजाद हुआ और देश की जनता के पैसे से सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण कराया गया, लेकिन एक समुदाय विशेष के वोट के लिए देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने मंदिर का उद्घाटन करने से इंकार कर दिया। नेहरू ने वोट के लिए देश के नैतिक मूल्यों व सनातन संस्कृति को किनारे किया था। आप सभी उद्यमी लोकतंत्र की रक्षा के लिए जनसेवक बनकर कार्य करें। जिलों के विकास को और अच्छे तरीके से सुनिश्चित करने के लिए जिलों में गठित विकास समितियों में उद्यमियों व प्रोफेशनल्स को भी जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि सत्ता की ताकत सुनीतियों के बल पर होती है, मध्यप्रदेश में 2003 से पहले कांग्रेस की सरकार थी, लेकिन प्रदेश के विकास के लिए कोई कार्य नहीं किया गया। 2003 में जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी, तब प्रदेश की औद्योगिक विकास दर 0.02 प्रतिशत के करीब थी। भारतीय जनता पार्टी ने सुशासन और कल्याणकारी नीतियों के कारण मध्यप्रदेश को देश के अग्रणी राज्यों में लाकर खड़ा कर दिया है।



### हम बस एक राष्ट्र धर्म जानते हैंः हितानंद जी

भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कैंप को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक ऐसा संगठन है, जो हमारा परिचय भारत से कराना चाहता है, क्योंकि भाजपा का मानना है कि हमें भारत को ही जानना है, भारत को ही पहचाना है और भारत की ही मानना है। 'राष्ट्र को ही देव मानकर चले हैं, हम बस एक राष्ट्र धर्म जानते हैं।' उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की शुरुआत जनसंघ के रूप में हुई। देश जब आजाद होकर एक गणतंत्र बना, तो उसके संविधान में यह लिखा था कि देश के अविभाज्य अंग जम्मू-कश्मीर का संविधान अलग होगा, ध्वज अलग होगा और वहां का प्रधान भी अलग होगा। तत्कालीन नेहरू सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने इसका विरोध किया और जनसंघ की स्थापना की। डॉ. मुखर्जी ने इसके विरोध में संघर्ष किया और इसी दौरान 23 जून, 1953 को अपना बलिदान भी दे दिया। 5 अगस्त, 2019 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने कश्मीर से धारा 370 को हटाकर दो विधान, दो निशान और दो प्रधान की व्यवस्था को समाप्त कर दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा की विचारधारा में दूसरा तत्व सनातन है। हमारा मानना है कि इस देश के मूल में अगर कोई है, तो वो हिंदू है और उसी के नाम पर देश का नाम हिंदुस्तान पड़ा है। गांधी का सपना ग्रामोदय और पं. दीनदयाल उपाध्याय का सपना अंत्योदय हमारे लक्ष्यों में शामिल हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी ने बदली भारत के बारे में दुनिया की सोचः वीडी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद मोदी ने देश की राजनीति का परिदृश्य बदल दिया। उन्होंने भारत के बारे में दुनिया की सोच बदल दी। भारत को लोग एक गंदगी वाले देश के रूप में जानते थे। लेकिन प्रधानमंत्री ने स्वच्छता अभियान शुरू किया। लोगों ने इसका उपहास किया, लेकिन प्रधानमंत्री ने इस अभियान के साथ जिस तरह देश के जन-जन को जोड़ा, उससे आज ये पूरे देश का अभियान बन चुका है और अब लोग कहीं भी गंदगी करने से पहले सोचते हैं। पहले की सरकारें गरीबी हटाओ के नारे लगाती थीं, लेकिन इसके लिए करती कुछ नहीं थीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने इस दिशा में ठोस कदम उठाए, जिनकी बदौलत आज देश के 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आ चुके हैं। नरेन्द्र मोदी जातिवाद और परिवारवाद को देश की राजनीति में सबसे बड़ी चुनौती के रूप में देखते हैं। उनका कहना है कि 2047 में विकसित भारत तभी बन सकता है, जब राजनीति से ये दोनों चीजें समाप्त हो जाएंगी। प्रतिभाएं कहीं भी हों, प्रधानमंत्री उन्हें खोज निकालते हैं। इसकी झलक उनके 'मन की बात' कार्यक्रम में भी दिखाई देती है।

## इसरो की एक और उपलब्धि

### भविष्य की सैटेलाइट्स के लिए प्लाज्मा थ्रस्टर का सफल परीक्षण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी (इसरो) ने एक और उपलब्धि हासिल की है। दरअसल इसरो ने स्टेशनली प्लाज्मा थ्रस्टर का सफल परीक्षण किया है। 300 मिली न्यूटन के प्लाज्मा थ्रस्टर ने एक हजार घंटे का परीक्षण पूरा कर लिया है। ये प्लाज्मा थ्रस्टर सैटेलाइट्स के इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन में इस्तेमाल करने के लिए विकसित किए गए हैं। इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन सिस्टम अभी मौजूदा केमिकल प्रोपल्शन सिस्टम की जगह लेंगे और भविष्य की सैटेलाइट्स में इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन सिस्टम का ही इस्तेमाल होगा। प्लाज्मा थ्रस्टर के इस्तेमाल से संचार उपग्रहों की ट्रांसपोंडर क्षमता कई गुना बढ़ जाएगी और इससे मिशन में लगने वाली लागत भी कम होगी। ये थ्रस्टर प्रोपेलेंट के तौर पर शेनन का इस्तेमाल करेंगे।

## प्रियंका का आरोप- विपक्ष की आवाज दबाई जा रही, अहम मुद्दों पर चर्चा को रोक रही सरकार

**वायनाड, एजेंसी।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र संसद में चर्चा को रोक रहा है। विपक्ष की आवाज दबाकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर किया जा रहा है। प्रियंका गांधी ने वायनाड में संवाददाताओं से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का दृष्टिकोण किसी भी तरह से चर्चा को टालना है, इसके लिए विभिन्न हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। विपक्ष की आवाज को कथित रूप से दबाने के सवालों का जवाब देते हुए सांसद ने कहा कि सरकार ने संसद में चर्चा को रोका है। सांसद ने कहा, मैंने संसद के पिछले कुछ सत्रों में देखा है कि उनकी (केंद्र सरकार) की नीति किसी भी तरह से चर्चा को टालने की है।



## राष्ट्रपति की अपील

### पर्यावरण के प्रति संवेदनशील जीवनशैली अपनाएं लोग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लोगों से अपील की है कि वे पर्यावरण के प्रति जागरूक और संवेदनशील जीवनशैली को अपनाएं। राष्ट्रपति ने कहा कि इससे न केवल पर्यावरण संरक्षण हो सकेगा, बल्कि इससे पर्यावरण ज्यादा जीवंत बनाया जा सकता है। शनिवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में पर्यावरण 2025 राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ये बातें कही। राष्ट्रपति ने कहा कि भावी पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण की विरासत देना हमारा नैतिक कर्तव्य है। पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि विकास की भारतीय विरासत का आधार पोषण है, शोषण नहीं; संरक्षण है।, उन्मूलन नहीं। इस विरासत को ध्यान में रखते हुए हम एक विकसित भारत की ओर आगे बढ़ना चाहते हैं।



## प्रदूषण पर चिंता

### बच्चों को बाहर खेलने के लिए मास्क पहनना पड़े, ये अस्वीकार्य

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट के जज विक्रम नाथ ने प्रदूषण को चिंता जाहिर करते हुए कहा कि, जहां बच्चों को बाहर खेलने के लिए मास्क पहनना पड़े, ऐसा माहौल अस्वीकार्य है। विज्ञान भवन में पर्यावरण पर राष्ट्रीय सम्मेलन- 2025 के उद्घाटन सत्र के दौरान न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने यह भी कहा कि ऐसे समाधान तलाशने की आवश्यकता है जो आर्थिक विकास और पर्यावरणीय भलाई के बीच संतुलन बनाए रखें और सरकार की नीतियों को हरित प्रौद्योगिकियों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। इस मौके पर न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने कहा, भारत की राजधानी में नियमित रूप से उच्च स्तर का प्रदूषण होता है। मेरा मानना है कि हम सभी इस बात से सहमत हो सकते हैं कि हमारे बच्चों का ऐसे वातावरण में बड़ा होना स्वीकार्य नहीं है, जहां उन्हें बाहर खेलने के लिए मास्क की आवश्यकता हो या कम उम्र में श्वसन संबंधी बीमारियों की चिंता हो। उन्होंने कहा, यह कार्रवाई के लिए एक तत्काल आह्वान है, एक संकेत है कि हमें उत्सर्जन को विनियमित करने, स्वच्छ प्रौद्योगिकियों में निवेश करने और टिकाऊ परिवहन विकल्पों के बारे में सोचने के लिए एक साथ आना चाहिए।

## नक्सलवाद के विरुद्ध निर्णायक मोड़ पर छत्तीसगढ़ः मुख्यमंत्री साय

**विजय मत, रायपुर**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुकमा जिले के केरलापाल थाना क्षेत्र के उपमपल्ली में शनिवार को सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता प्राप्त होने पर बधाई दी है। मुख्यमंत्री साय ने इस साहसिक कार्रवाई को सुरक्षाबलों की बहादुरी, रणनीति और संकल्पशक्ति का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि मानवता विरोधी नक्सलवाद को समाप्त करने की दिशा में हमारे सुरक्षाबल नक्सलियों की मांद में घुसकर उन्हें जड़ से खत्म करने का कार्य कर रहे हैं। यह सफलता हमारे वीर जवानों के अद्वितीय साहस और समर्पण का परिणाम है। मैं उनकी वीरता को नमन करता हूं। उल्लेखनीय है कि मुठभेड़ में 16 नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि हुई है, जबकि जिला रिजर्व गार्ड के 2 जवान घायल हुए हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने घायल जवानों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की ईश्वर से प्रार्थना की है।



# विक्रम सम्वतः प्रकृति के संरक्षण, संवर्धन और विकास का उत्सव

आज से विक्रम सम्वत् 2082 आरंभ हुआ है। यह प्रदेशवासियों के लिये गर्व और गौरव का विषय है कि भारतीय नववर्ष विक्रम सम्वत् के उज्जयिनी से शुरू हुआ। यह सम्राट विक्रमादित्य के राज्याभिषेक की तिथि है। सम्राट विक्रमादित्य ने विदेशी आक्रांताओं को पराजित कर विक्रम सम्वत् का प्रवर्तन किया था। न्यायप्रियता, ज्ञानशीलता, धैर्य, पराक्रम, पुरुषार्थ, वीरता और गंभीरता जैसी विशेषताओं के लिए सम्राट विक्रमादित्य को समूचे विश्व में स्मरण किया जाता है। उन्होंने सुशासन के सभी सूत्रों को स्थापित करते हुए अपने सुयोग्य 32 मंत्रियों का चयन किया, इसीलिए उनके सिंहासन को 'सिंहासन बत्तीसी' कहा जाता है। भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का दिन ऋतु परिवर्तन के अनुरूप स्वयं को सक्षम बनाने का समय है। इसे कहीं गुड़ी पड़वा तो कहीं चैती चांद, कहीं युगादि तो कहीं उगादि और कहीं नवरोज अगदु के रूप में मनाया जाता है। विविध स्वरूपों में मनाया जाने वाला नववर्ष का यह पर्व 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना को स्थापित करता है। इसके साथ नवरात्र का आरंभ होता है। यह नौ दिन आरोग्य, साधना और कायाकल्प के लिए होते हैं। नवसम्वत्सर की तिथि सृष्टि निर्माण की तिथि है। इसका निर्धारण संपूर्ण वैज्ञानिक अनुसंधान के साथ हुआ है। इसे मनाने की परंपरा व्यक्ति, परिवार और समाज, तीनों के स्वस्थ जीवन और समृद्धि को ध्यान में रखकर शुरू की गई। यह हमारे पूर्वजों के शोध की विशेषता है कि हजारों वर्ष पहले पूर्वजों को ग्रहों की गति और नक्षत्रों की स्थिति का पूर्ण ज्ञान था और इस गणना को ही वैदिक घड़ी कहा गया है।

बाबा महाकाल की नगरी विश्व में कालगणना का केंद्र रही है। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने उज्जैन की वेधशाला में स्थित विश्व की पहली विक्रमादित्य वैदिक घड़ी की पुनर्स्थापना की है। मुझे यह बताते हुए खुशी है कि भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न पहलुओं के प्रकटीकरण के लिए हम विक्रमोत्सव का आयोजन कर रहे हैं। विक्रमोत्सव हमारी गौरवशाली विरासत और वर्तमान के विकास का उत्सव है। यह उत्सव 26 फरवरी से प्रारंभ होकर 30 जून तक चलेगा। इस 125 दिन तक चलने वाले उत्सव में विविध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक कार्यक्रमों के साथ सम्राट विक्रमादित्य के समूचे व्यक्तित्व, कृतित्व और विशेषताओं को परिचित कराने का प्रयास किया जा रहा है। आगामी 12-13 और 14 अप्रैल 2025 को नई दिल्ली में सम्राट विक्रमादित्य पर केन्द्रित एक भव्य आयोजन होने जा रहा है। श्रीकृष्ण की दीक्षा नगरी उज्जयिनी का संबंध भारत की हर विशेषता से है। उज्जैन धरती के केन्द्र में स्थित है। यहां भगवान श्रीकृष्ण ने सांदीपनि आश्रम में शिक्षा प्राप्त की थी।

मध्यप्रदेश सरकार ने संकल्प लिया है कि सांदीपनि आश्रम से श्रीकृष्ण पाथेय के निर्माण का आरंभ होगा। मध्यप्रदेश का 2025-26 का बजट प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को केन्द्र में रखकर प्रस्तुत किया गया है। इसमें विकसित मध्यप्रदेश के निर्माण की अवधारणा अनुसार बजट को बहुआयामी स्वरूप दिया गया है। इस बजट में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के साथ विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि का भी प्रावधान है। वर्ष भर के संकल्पों की पूर्ति के लिए हमने बजट में 15 प्रतिशत की वृद्धि की है। हमारा यह बजट मध्यप्रदेश की समृद्धि और आत्मनिर्भरता के लिए बनाये रोडमैप के संकल्प की पूर्ति के लिए है। इसमें आर्थिक सुधार, सामाजिक न्याय, सतत् विकास के साथ प्रधानमंत्री जी का मंत्र, ज्ञान, (GYAN) पर ध्यान शामिल है। ज्ञान के चारों स्तंभों को सशक्त करने के लिए बजट में विशेष प्रावधान हैं। इसमें गरीब कल्याण (G) में अंत्योदय की अवधारणा को साकार किया जायेगा। युवा शक्ति (Y) में कौशल विकास, प्रशिक्षण तथा रोज़गार के अवसर प्रदान किये जायेंगे। अन्नदाता (A) में किसानों की आय में वृद्धि करने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जायेगा। नारी शाक्ति (N) में महिलाओं को समग्र रूप से सशक्त बनाने के लिए आयोजना बनाई गई है। हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने हमें विरासत से विकास का सूत्र दिया है। उनके नेतृत्व में समाज, प्रदेश और देश को सशक्त बनाने के लिए मध्यप्रदेश सरकार अपनी तरह से कार्य कर रही है। मुझे बताते हुए खुशी है कि प्रधानमंत्री जी के 'विरासत के साथ विकास' मंत्र को प्रदेश में धरातल पर उतारने का प्रयास किया जा रहा है। मध्यप्रदेश के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और पुरातात्विक स्थलों के विकास के लिए बजट में अलग से प्रावधान किया है। ऐतिहासिक विरासत को सहेजने के इस अभियान में ओंकारेश्वर, उज्जैन, मैहर आदि धार्मिक स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा। वर्ष 2028 में होने वाले सिंहस्थ पर्व के आयोजन की भव्यता और दिव्यता के लिए दो हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। श्रीराम वन गमन पथ और श्रीकृष्ण पाथेय के लिए अलग से बजट है। हम इन स्थानों पर अधोसंरचना विकास के साथ पर्यटन को प्रोत्साहित करने की दिशा में भी कार्य करेंगे। इससे स्थानीय लोगों को रोज़गार मिलेगा और मध्यप्रदेश की विरासत संसार के सामने आएगी। प्रधानमंत्री जी के लोकल फॉर वोकल के संकल्प को आकार देने के लिए रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और ग्लोबल इंडस्ट्री समिट में प्राप्त प्रस्तावों को धरातल पर उतारा जायेगा। इससे मध्यप्रदेश के हर क्षेत्र की विशेषता, क्षमता और दक्षता विश्व स्तर तक पहुंचेगी। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को पूर्ण करने के लिए हम प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वर्ष 2047 तक 2 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। गुड़ी पड़वा के अवसर पर हमारी परंपरा में सूर्योदय के पहले बहते हुए स्वच्छ जल में स्नान करने का विधान है। ऊषाकाल में सूर्य को प्रणाम किया जाता है। यह जलस्रोत के प्रवाह स्थल को सुरक्षित रखने का संकल्प है। प्रकृति के इस संदेश को स्वरूप प्रदान करते हुए हम प्राकृतिक स्रोतों की सुरक्षा के लिए आज से जल गंगा अभियान शुरू कर रहे हैं। इसकी शुरुआत उज्जैन के क्षिप्रा तट से होने जा रही है। इसमें जल संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए वर्षा जल संचयन, जलस्रोतों का पुनर्जीवन और जल संरक्षण तकनीकों को अपनाने पर विशेष जोर दिया गया है। इसके अंतर्गत 1 लाख जलदूत तैयार किये जायेंगे। लघु एवं सीमांत किसानों के लिए 50 हजार नए खेत-तालाब बनाए जाएंगे। प्रदेश की 50 से अधिक नदियों के वॉटरशेड क्षेत्र में जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य होंगे। ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक महत्व के तालाबों, जलस्रोतों एवं देवालयों में कार्य किए जाएंगे। यह अभियान आज से प्रारंभ होकर 30 जून तक चलेगा। मुझे विश्वास है कि यह अभियान प्रदेश में जल संकट को खत्म करने और भावी पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करने में मील का पत्थर सिद्ध होगा। भारतीय नववर्ष प्रकृति के संरक्षण, संवर्धन और निर्माण की प्रेरणा देता है। इसमें सृष्टि, संस्कृति और समाज का संगम है। ऋतुकाल संधि के इन दिनों में नवचेतना, नवजागृति का संदेश है। मैं प्रदेश की साढ़े आठ करोड़ जनता के साथ प्रकृति के नवसृजन और विकसित मध्यप्रदेश निर्माण का संकल्प लेता हूं। मुझे उम्मीद है कि इस वर्ष आरंभ होने वाले विशेष प्रयास आप सभी के जीवन में समृद्धि, खुशहाली और आनंद लेकर आएंगे।



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

**यह वर्ष आप सभी के लिए मंगलमय हो, शुभ हो। एक बार पुनः भारतीय नववर्ष की शुभकामनाएं।**

### सागर में संविधान चौक का लोकार्पण

# इंदौर में भी बनेगा संविधान चौक: कैलाश विजयवर्गीय

**विजय मत, भोपाल**

नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि सागर में बनाये गये संविधान चौक से अन्य जिलों को भी संविधान चौक बनाने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि इंदौर में भी सागर जैसा संविधान चौक बनाया जायेगा। मंत्री विजयवर्गीय शुक्रवार को सागर में संविधान चौक के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। सागर नगर निगम ने शहर के अंबेडकर पार्क में चौराहे का सौंदर्यीकरण करते हुए संविधान चौक का निर्माण किया है। कार्यक्रम में विधायक शैलेन्द्र जैन, महापौर श्रीमती संगीता तिवारी भी मौजूद थीं।

मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर के जीवन स्थल से संबंधित जगहों पर केन्द्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा स्मारक तैयार किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने नागपुर में जहाँ शिक्षा-दीक्षा ली, वहाँ 500 करोड़ रुपये की राशि से विशाल स्मारक का निर्माण किया जा रहा है। नगरीय विकास मंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के आग्रह पर डॉ. अंबेडकर को देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि बाबा साहेब की जन्म-स्थली महू में भी भव्य स्मारक तैयार किया गया है। मंत्री विजयवर्गीय ने अमर शहीद वीरांगना झलकारी बाई की प्रतिमा स्थापना के लिये 50 लाख और सागर की लाखा बंजारा छोटी झील के सौंदर्यीकरण के लिये भी राशि की मंजूरी दी। इसी के साथ सागर में ई-वाचनालय के लिये 50 लाख रुपये की राशि मंजूर की।




### पं. दीनदयाल उपाध्याय कॉम्पलेक्स का लोकार्पण

नगरीय विकास मंत्री विजयवर्गीय ने सागर के कटरा वार्ड में बनाये गये पं. दीनदयाल उपाध्याय कॉम्पलेक्स का लोकार्पण किया। मुख्य व्यावसायिक क्षेत्र कटरा बाजार में नगर निगम सागर ने 20 करोड़ 35 लाख रुपये की राशि से विशाल शॉपिंग कॉम्पलेक्स का निर्माण किया है। शहर में बनाये गये 4 मंजिला शॉपिंग कॉम्पलेक्स में 148 दुकानें बनायी गयी हैं। कॉम्पलेक्स के डबल बेसमेंट में वाहन पार्किंग की व्यवस्था की गयी है।

# किसानों के हित में गिरदावरी में संशोधन एवं दावा-आपत्ति करने की तिथि 15 अप्रेल तक बढ़ाई गई

**विजय मत, भोपाल**

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि किसानों के हित में (डिजिटल फसल सर्वेक्षण) गिरदावरी में संशोधन एवं दावा-आपत्ति करने की अवधि 15 अप्रैल तक बढ़ा दी गयी है। इससे किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूँ की बिक्री के लिये कराये गये पंजीयन की जानकारी और गिरदावरी की जानकारी में आ रहे अंतर में सुधार करवा सकेंगे।



गौरतलब है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की बिक्री के लिये किसानों द्वारा कराये गये पंजीयन में दी गयी जानकारी और पटवारी द्वारा की गई गिरदावरी में विभिन्नता होने से आयुक्त खाद्य कर्मवीर शर्मा ने आयुक्त अभिलेख को गिरदावरी में संशोधन/दावा आपत्ति करने की अवधि 15 अप्रेल तक बढ़ाये जाने का आग्रह किया था।

# विधानसभा अध्यक्ष तोमर एवं राजस्व मंत्री वर्मा ने मुरैना में स्वास्थ्य शिविर का किया अवलोकन

**विजय मत, भोपाल**

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर और राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने मुरैना जिला मुख्यालय स्थित पुलिस परेड ग्राउण्ड पर स्वास्थ्य कैम्प की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। शिविर में देश एवं विदेश से आये बड़े चिकित्सकों द्वारा गंभीर बीमारियों का इलाज किया जा रहा है।



विधानसभा अध्यक्ष तोमर एवं मुरैना जिला प्रभारी एवं राजस्व मंत्री वर्मा ने शिविर में लगाये सभी विभागों के ओपीडी जिनमें जनरल, मेडीसन, ऑर्थोपैडिक्स, पीडियाट्रिक, ईएनटी, गायनकलॉजी, सर्जीकल, ऑपथामॉलोजी, डेंटल, यूरोलॉजी, सायकिएट्री, ऑनकोलॉजी, डरमैटलॉजी, पलमुनोरी, हिमाटोलॉजी, पेन मेडीसन, कार्डियोग्राफी, एनसीडी क्लीनिक आदि का अवलोकन किया।

इस अवसर पर सांसद विवेक तन्खा, कमलेश कुशवाह, समाजसेवी योगेशपाल गुप्ता, कलेक्टर अंकित अस्थाना, सीईओ जिला पंचायत कमलेश भार्गव सहित रोटरी के पदाधिकारी भूपेन्द्र जैन सहित अन्य पदाधिकारी, चिकित्सक, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## न्यूज इन शॉर्ट

### उपमुख्यमंत्री देवड़ा भोपाल में विक्रमोत्सव में सम्मिलित होंगे

**भोपाल।** "प्रतिपदा" नव संवत्सर (नव वर्ष) 2028 के प्रारंभ अवसर पर प्रदेश भर में विक्रमोत्सव-2025 आयोजित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत राज्य स्तरीय कार्यक्रम उज्जैन में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल होंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम में मंत्रीगण, सांसदगण एवं विधायकगण सम्मिलित होंगे। भोपाल जिला मुख्यालय पर विक्रमोत्सवसुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, 7 नंबर चौराहा में प्रातः 10:30 से आयोजित होगा। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, मंत्री विश्वास सारंग एवं सांसद वी.डी. शर्मा सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम में सूर्य उपासना, ध्वज वंदना एवं सम्राट विक्रमादित्य नाट्य की प्रस्तुति होगी।

### विक्रमोत्सव - 2025 के अंतर्गत प्रतिपदा नव संवत्सर के अवसर पर " कार्यक्रम का आयोजन

**भोपाल।** विक्रम संवत 2082 के शुभारंभ के उपलक्ष्य में विक्रमोत्सव 2025 के अंतर्गत जिला स्तरीय भव्य कार्यक्रम "प्रतिपदा नव संवत्सर " का आयोजन 30 मार्च को प्रातः 10:00 बजे से 7 नंबर चौराहा स्थित सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में किया जाएगा। यह आयोजन नाट्य अकादमी के सहयोग से संपन्न होगा, जिसमें सूर्य उपासना, ध्वज वंदना एवं नाट्य उत्सव के माध्यम से नववर्ष का स्वागत किया जाएगा। इस अवसर पर जिले के जनप्रतिनिधि, सांस्कृतिक कलाकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे और भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं की अनुपम झलक प्रस्तुत की जाएगी। कार्यक्रम का उद्देश्य हमारी गौरवशाली परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को वर्तमान पीढ़ी से जोड़ना है।

### स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव हाईकोर्ट तलब

**भोपाल।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ में अवमानना याचिका पर सुनवाई हुई। जहां स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ संजय गोयल को पांच हजार रुपये के जमानती वारंट से तलब किया गया है। मामला निकायाधीन शब्द के उपयोग से जुड़ा हुआ है। याचिकाकर्ता कमलेश हायर सेकेंडरी स्कूल की ओर से कोर्ट को बताया गया कि वह शासन अधीन विद्यालय है। लेकिन स्कूल शिक्षा विभाग उन्हें निकायाधीन बताता है। निकायाधीन शब्द अस्तित्व में नहीं है, इस शब्द को डिलीट कर शासन अधीन कर दिया गया है। इसके बाद भी विभाग निकायाधीन शब्द का उपयोग कर रहा है। पूर्व में हुई सुनवाई में हाई कोर्ट ने शासन से निकायाधीन शब्द का अर्थ पूछा था। दो सुनवाई बाद भी शासन इसका अर्थ नहीं बता सकी। बल्कि शासन की ओर से याचिका को खारिज करने की मांग की गई। लिहाजा सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने सख्त रुख दिखाते हुए स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ संजय गोयल को पांच हजार रुपये के जमानती वारंट से तलब किया है। अगली सुनवाई में उन्हें उपस्थित होना होगा।

### विधानसभा के प्रमुख सचिव एके सिंह का कार्यकाल बढ़ा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह का कार्यकाल बढ़ा दिया गया है। सरकार ने उन्हें 6 महीने के लिए संविदा नियुक्ति दे दी है। सिंह 31 मार्च को रिटायर हो रहे थे। लेकिन उनके अनुभव को देखते हुए सरकार ने उन्हें अभी यथावत रखा है। एमपी विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह अभी यह दायित्व संभालते रहेंगे। विधानसभा के नियम के हिसाब से 65 वर्ष की आयु तक संविदा नियुक्ति का प्रावधान है। बता दें कि 2023 में रिटायरमेंट के बाद 2 साल के कार्यकाल में वृद्धि की गई थी।

# मंत्री सारंग ने निभाया वादा, आर्थिक तंगी से परेशान महिला के पति को दिलाई नौकरी, बच्चों की फीस भी माफ

**विजय मत, भोपाल**

बीते दिनों शहर के प्रसिद्ध खेड़ापति हनुमान मंदिर के बाहर मंत्री विश्वास कैलाश सारंग का एक आर्थिक रूप से त्रस्त महिला के साथ का वीडियो सोशल मीडिया पर बेहद वायरल हुआ था। इस वीडियो में मंत्री सारंग रोती महिला को मदद का आश्वासन देते नज़र आये थे। वहीं अब मंत्री सारंग ने अपने आश्वासन के मुताबिक महिला के परिवार को आर्थिक सहायता देने के साथ ही पति को नौकरी भी दिलवाई और दोनों बच्चों की स्कूल फीस भी माफ करवा दी है।



### कई बार लोगों की मदद कर चुके हैं मंत्री सारंग

यह पहला मौका नहीं है, जब मंत्री विश्वास सारंग ने किसी जरूरतमंद की मदद की हो। इससे पहले भी कई अवसरों पर उन्होंने मानवता का परिचय दिया है। उल्लेखनीय है कि वे प्रतिदिन अपने निवास पर जनदर्शन कर जनता की समस्याओं को सुनते हैं, जिसमें भोपाल सहित विभिन्न जिलों से लोग अपनी समस्याओं का समाधान पाने के लिए आते हैं।

### पति को दिलवाई नौकरी, बच्चों की फीस भी माफ

मंत्री सारंग ने महिला की परेशानी को गंभीरता से लेते हुए तत्काल उसकी मदद के लिए कदम उठाए। उन्होंने महिला और उसके पति को अपने निवास पर बुलाया और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया। मंत्री सारंग ने पहले तो स्कूल प्रशासन से संपर्क कर दोनों बच्चों की फीस माफ करवाई। इसके बाद, उन्होंने महिला के पति को एक निजी फैक्ट्री में वेल्डर की नौकरी दिलवाने की व्यवस्था भी की।

### परिवार ने जताया मंत्री सारंग का आभार

महिला और उसके परिवार ने मंत्री सारंग का धन्यवाद किया और उनकी मदद के लिए आभार व्यक्त किया। महिला ने कहा, "हनुमान जी ने मंत्री सारंग को मेरे परिवार की मदद करने के लिए अपना दूत बनाकर भेजा है।" परिवार ने मंत्री की मदद को जीवन में एक नई आशा और संबल मानते हुए उनका धन्यवाद किया।

# प्रदेश में वेस्टर्न डिस्टरबेंस से तापमान में आई गिरावट, एक अप्रैल को हल्की बारिश का अलर्ट

**विजय मत, भोपाल**

मध्य प्रदेश में वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से आ रही तेज हवाओं से प्रदेश के तापमान में गिरावट हुई है। मौसम विभाग का अनुमान है कि शनिवार को भी तापमान में कुछ गिरावट हो सकती है। इससे पहले शुक्रवार की शाम को थोड़ी ठंडक देखने को मिली। इससे पारा लुढ़क गया। मौसम विभाग ने एक अप्रैल को भोपाल, इंदौर, नर्मदापुरम और जबलपुर संभाग के 13 जिलों में मौसम के बदलने का अनुमान जताया है। इस दौरान हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार अभी अफगानिस्तान के ऊपर सिस्टम एक्टिव है, जो आगे बढ़ रहा है। पश्चिमी भारत में सिस्टम असर दिखा सकता है। हालांकि, इससे पहले प्रदेश में गर्मी का असर देखने को मिलेगा।



***अप्रैल में चलेगी लू...*** *अप्रैल में लू का असर रह सकता है। मालवा-निमाड़ यानी, इंदौर और उज्जैन संभाग के जिलों में लू का असर रहने की संभावना ज्यादा है। जिनमें रतलाम, उज्जैन, खरगोन, खंडवा, धार आदि शामिल हैं। मौसम विभाग के अनुसार, सामान्यतः दिन का तापमान 40 डिग्री से अधिक या सामान्य से 4.6 डिग्री तक अधिक हो तो हीट वेव यानी लू की स्थिति मानी जाती है।*

### साढ़े चार डिग्री तक तापमान में गिरावट

प्रदेश के कई शहरों में साढ़े चार डिग्री तक तापमान में गिरावट आई है। सबसे ज्यादा गिरावट ग्वालियर में देखी गई यहां का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि एक दिन पहले यहां 39.5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया था। इसी प्रकार गुना में अधिकतम तापमान 35.5 डिग्री दर्ज किया गया जबकि एक दिन पहले यहां का अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री दर्ज किया गया था। राजधानी भोपाल में भी 3.8 डिग्री तापमान में गिरावट आई है, यहां का अधिकतम तापमान 34.9 डिग्री दर्ज किया गया। प्रदेश में सबसे गर्म नर्मदापुरम रहा यहां का अधिकतम तापमान 40.7 डिग्री दर्ज किया गया। इंदौर में भी 3.9 डिग्री की गिरावट आई है, यहां का अधिकतम तापमान 33.7 डिग्री दर्ज किया गया। जबलपुर में 1.2 डिग्री की गिरावट हुई।

### जल जीवन मिशन ने बदली जनजातीय अंचलों की तस्वीर

# डिण्डौरी जिले के 24 जनजातीय गांवों में घर-घर पहुंचा शुद्ध पेयजल

**विजय मत, भोपाल**

प्रदेश में जल जीवन मिशन के तहत जनजातीय अंचलों में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। डिंडोरी जिले के बैगा जनजातीय बहुल 24 गांवों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। वर्षों से जल संकट से जूझ रहे इन गांवों के हजारों परिवारों के लिए यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिससे अब वे सीधे नल से स्वच्छ पेयजल प्राप्त कर रहे हैं। डिण्डौरी जिले के इन गांवों में अब तक ग्रामीण नदी-नालों और परंपरागत जलस्त्रोतों पर निर्भर थे, जिससे उन्हें न केवल लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी, बल्कि दूषित जल सेवन से बीमारियों का भी सामना करना पड़ता था। अब पीएचई विभाग द्वारा स्थापित आधुनिक वाटर यूनिट्स के माध्यम से हर घर को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। खारीडीह ग्राम पंचायत के उफरी और बाहरपुर गांव के निवासियों ने बताया कि पहले पेयजल की व्यवस्था चुनौतीपूर्ण थी, लेकिन अब हालात पूरी तरह बदल गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस पहल को राज्य के जनजातीय समुदाय के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि जल जीवन मिशन के तहत प्रदेश के हर ग्रामीण परिवार को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।



### सरार बीट में होगा वल्चर रेस्टारेंट का निर्माण

# यूरेशियन वल्चर को रायसेन वन मण्डल के सरार बीट में छोड़ा गया

**विजय मत, भोपाल**

वन मण्डल रायसेन अंतर्गत शनिवार को एक यूरेशियन वल्चर (गिद्ध की प्रजाति) को हलाली बांध के पास सफलतापूर्वक मुक्त किया गया। इस वल्चर को सतना वन मण्डल से रेस्क्यू कर मुकुंदपुर रेस्क्यू सेंटर और वन विहार में उपचार के लिये लाया गया था। वल्चर के उपचार के बाद स्वस्थ होने पर उसे रिलीज किया गया। प्रधान मुख्य वन संरक्षक राजेश खरे ने बताया कि रायसेन वन मण्डल के सरार बीट में गिद्धों के लिये अनुकूल परिस्थिति, वातावरण और उनकी संख्या को ध्यान में रखते हुए इस स्थान पर वल्चर को छोड़ा गया। उन्होंने बताया कि इसी स्थल पर वल्चर रेस्टोरेंट का निर्माण करने की तैयारी शासन स्तर पर चल रही है। आगामी दिनों में भोपाल स्थित वल्चर ब्रीडिंग सेंटर के 6 वल्चर को भी इसी स्थान पर छोड़ा जायेगा। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख असीम श्रीवास्तव ने कहा कि मवेशियों को इलाज के लिये दी जाने वाली दवाइयाँ, जिन्हें शासन ने प्रतिबंधित किया है और जो गिद्धों के लिये जानलेवा है, के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि डायक्लोफेनेक, निमेसुलाइड, कीटोप्रोफेन और एसेक्लोफेनेक दवाइयाँ जो पशुओं के इलाज के लिये दी जाती थीं, इन दवाइयों को पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया गया है और इनका उपयोग गैर कानूनी भी है। उन्होंने कहा कि गिद्धों की संख्या में जो भारी गिरावट आयी, वह इन्हीं दवाओं के कारण थी।



**खास-खबर** अभियान में नये तालाब बनेंगे, पुराने तालाबों, बावड़ियों तथा कुँओं के जीर्णोद्धार के साथ सघन वृक्षारोपण भी किया जायेगा

# जल-गंगा संवर्धन अभियान का उद्देश्य जल संरक्षण को जन-जन का विषय बनाना: कलेक्टर सिंह

**विजय मत, भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप प्रदेश सहित भोपाल जिले में 30 मार्च से 'जल-गंगा संवर्धन अभियान' का शुभारंभ किया जा रहा है, जो आगामी 30 जून तक निरंतर जारी रहेगा। इस अभियान के अंतर्गत जहां एक ओर नए तालाबों का निर्माण किया जाएगा, वहीं दूसरी ओर पुराने तालाबों, बावड़ियों और कुँओं का जीर्णोद्धार किया जाएगा। साथ ही, जिलेभर में सघन वृक्षारोपण भी किया जाएगा। इस अभियान को जन आंदोलन का स्वरूप देने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है।

यह जानकारी कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत कार्यालय में हुई बैठक के दौरान दी गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर सिंह ने बताया कि यह अभियान ÷जल है तो कल है÷ की भावना पर आधारित है और इसका उद्देश्य जल संरक्षण को जन-जन का विषय बनाना है। यह अभियान समाज के हर वर्ग की भागीदारी से संचालित होगा। पिछले वर्ष जिले में 101 अमृत सरोवर बनाए गए थे, जिन्हें अब राजस्व अभिलेखों में दर्ज किया जाएगा। इस वर्ष अभियान के तहत 'अमृत सरोवर 2.0' योजना में 19 नए तालाबों के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के अंतर्गत तालाबों का सीमांकन कर राजस्व अभिलेखों में दर्ज किया जाएगा। अतिक्रमण चिन्हित कर उन्हें हटाने की कार्रवाई की जाएगी तथा मुनारे बनाकर सीमाओं को चिन्हित किया जाएगा। साथ ही, तालाबों का गहरीकरण जनभागीदारी से किया जाएगा। मनरेगा और अन्य योजनाओं के माध्यम से तालाबों का जीर्णोद्धार, सुदृढ़ीकरण और जल आवक बढ़ाने की दिशा में कार्य होंगे। इन तालाबों के पास पौधारोपण और रखरखाव के लिए उपयोगकर्ता समूहों का गठन किया जाएगा। जिले की प्रमुख नदियों के स्त्रोत क्षेत्रों में जल संरक्षण और संवर्धन के लिए रिमोट सेंसिंग और फील्ड सर्वेक्षण के आधार पर कार्ययोजना बनाकर कार्य किए जाएंगे। इनमें ट्रेंच, गेबियन संरचना, वृक्षारोपण, चेकडेम और तालाब निर्माण शामिल हैं, जो स्थानीय समुदाय की भागीदारी से पूरे किए जाएंगे।




# म.प्र. बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांत 1 अप्रैल 2025 से होंगे प्रभावशील

### केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड की बैठक में हुआ निर्णय

**विजय मत, भोपाल**

आवासीय आरसीसी निर्माण तथा समस्त क्षेत्रों में आरबीसी/ टिन शेड/ कच्चा कवेलू के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रचलित निर्माण दरें वित्तीय वर्ष 2025-26 में भी यथावत जारी रहेंगी। यह निर्णय शनिवार को केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड की बैठक में लिया गया। बैठक में केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड के सभी सदस्य उपस्थित थे।

मध्यप्रदेश बाजार मूल्य मार्गदर्शन सिद्धांतों का बनाया जाना और उनका पुनरीक्षण नियम-2018 के अंतर्गत अचल संपत्ति के बाजार मूल्य के मार्गदर्शन सिद्धांत के प्रस्ताव के अनुमोदन और भूमि, भवन एवं स्थावर संपत्ति में विभिन्न प्रकार के हितों के संबंध में बाजार मूल्य के नियतन के लिए मानदंड/ उपबंध के अनुमोदन के संबंध में केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड/ महानिरीक्षक पंजीयन मध्यप्रदेश की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया।

अन्य महत्वपूर्ण निर्णय में केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड द्वारा जिला मूल्यांकन समितियों से बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांत के प्रस्ताव वर्ष 2025-26 के अनुमोदित प्रस्तावों पर विचार करने के बाद उन्हें मान्य किया गया। निर्णय अनुसार बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांत वर्ष 2025-26 आगामी 1 अप्रैल 2025 से प्रभावशील हो जायेंगे। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024-25 में बाजार मूल्य से अधिक मूल्य पर पंजीबद्ध दस्तावेज नवीन प्रस्तावित रिंग रोड, राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्यमार्ग, प्रधानमंत्री सड़क अन्य जिला सड़क, तीव्र नगरीकरण, प्रदेश में विकसित हो रही शहरी अधोसंरचना आदि को दृष्टिगत रखते हुए जिला मूल्यांकन समितियों द्वारा प्रेषित प्रस्तावों पर विचार के बाद दरों को प्रस्तावित मूल्यों के आधार पर युक्तियुक्त किए जाने का निर्णय लिया।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा जेयन ऑफसेट वर्क्स, 119 इनारा हाऊस रायसेन रोड भोपाल-462023 म.प्र. से मुद्रित एवं ई.एम.एस. 21 इंडस टाउन, होशंगाबाद रोड, मिसरोद, भोपाल म.प्र. से प्रकाशित, संपादक-सीता शुक्ला, प्रधान संपादक- विजय शुक्ला मो.-8889977997
आर.एन.आई.-पंजीयन नंबर MPHIN/2015/66998, (*समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार) सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल होगा। Email-vijaymat.bhopal@gmail.com

## न्यूज इन शॉर्ट

### संपत्ति विवाद के चलते बेटे ने वृद्ध पिता को चाकू दिखाकर धमकाया

**भोपाल।** शहर के रातीबड़ थाना क्षेत्र संपत्ति को लेकर चल रहे विवाद के दौरान बड़े बेटे द्वारा अपने वृद्ध पिता को चाकू दिखाकर धमकाने का प्रयास किये जाने का मामला सामने आया है। आरोपी की बहन से मिली सूचना मिलने पर पहुंची डायल-100 ने मौके पर पहुंचकर उसे पकड़ लिया। बाद में थाना पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार ग्राम मुगालिया छाप में में रहने वाले पर्वत सिंह दोहरे पिता स्वर्गीय भंवरजी दोहरे (70) ने अपनी शिकायत में बताया की उनका मकान है। जिसमें उनके दो लड़के प्रेमचंद्र दोहरे और विनोद दोहरे के अलावा बेटी रहती है। अधिक उम्र होने के कारण पर्वत सिंह दोहरे घर पर ही रहते है। उनका बड़ा बेटा प्रेमचंद्र दोहरे पूरे मकान में निर्माण कराना चाहता था। जबकि उनका कहना था की वे आधे हिस्से पर निर्माण कराये। इसी बात का विरोध करते हुए दो दिन पहले प्रेमचंद्र वृद्ध पिता और भाई विनोद दोहरे के साथ विवाद करने लगा। झगड़ा बढ़न पर आरोपी बेटे ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर छुरी निकालकर धमकाने लगा। घर में हो रहे झगड़े के हिंसक रुप होने पर वृद्ध की बेटी ने फोन कर पुलिस को सूचना दे दी थी। आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर पुलिस आगे की कार्यवाही कर रही है।

### जमीनी विवाद को लेकर 70 साल की वृद्वा के सीने पर कट्टा रखकर धमकाया

**भोपाल।** शहर के रातीबड़ थाना क्षेत्र में संपत्ति को लेकर जारी विवाद में एक वृद्व महिला पर कट्टा तानकर उसे धमकाने का मामला सामने आया है। आरोपी अन्य लोगो के साथ कार से महिला के घर पहुंचा और धमकाने के बाद फरार हो गया। थाना पुलिस के अनुसार 70 साल की सुंदरी बाई पति नारायण सिंह भिलाला ग्राम केकडिया में रहती हैं। वह घर पर वह बहू लक्ष्मी बाई भिलाला के साथ थी। उसी समय देवेंद्र तोमर कट्टा लेकर उसके घर आ धमका। आरोप है की उसने कट्टा सुंदरी बाई भिलाला के सीने पर रखते हुए धमकी दी की पूरा परिवार जल्द ही गांव छोड़कर चला जाये। पुलिस सूत्रों के अनुसार सुंदरी बाई भिलाला की जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। जिसको खाली करने के लिए आरोपी उस पर दबाव बना रहा है। घटना 23 मार्च की शाम करीब सात बजे की है, वृद्वा ने उसी दिन थाने में शिकायत की थी। लेकिन उस समय कोई कार्यवाही न होने पर वृद्वा ने इसकी शिकायत आला अधिकारियों से की थी। जिसके बाद गुरुवार को पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। पीड़िता ने बताया की घटना वाले दिन आरोपी देवेंद्र तोमर के साथ कार में दिनेश जामोद, सुरमा, केशर सिंह, विशाल डाबर और सखाराम भी थे। पुलिस मामले में आगे की जॉच कर रही है।

### तीन मंजिला मकान की दूसरी मजिंल पर कमरे में रखे दीवान से नकदी हुई चोरी

**भोपाल।** शहर के गौतम नगर थाना इलाके में तीन मजिंला मकान की दूसरी मजिंल पर परिवार सहित रहने वाले कारोबारी के कमरे से नकदी चोरी हो जाने की घटना सामने आई है। बताया गया है कि कारोबारी की पत्नी की डिलीवरी के लिए वह अस्पताल में था। बाद में जब उन्हें पैसों की जरुरत हुई तब पता चला की कमरे में रखी रकम चोरी हो चुकी है। थाना पुलिस के अनुसार चौकसे नगर में रहने वाले आकाश श्रीवास्तव पिता आजाद कुमार श्रीवास्तव (39) ने बताया की वह कारोबारी है, और उनकी एमपी नगर में फर्निशिंग की दुकान है। उनके तीन मंजिला मकान के ग्राउंड फ्लोर पर माता-पिता छोटे भाई अंकित श्रीवास्तव के साथ रहते हैं। पहली मंजिल पर चाचा-चाची का परिवार रहता है, और दूसरी मंजिल पर वह अपनी पत्नी पूनम श्रीवास्तव और दो बेटियों एवं बेटे के साथ रहते हैं। दीपावली के समय उन्हें उनकी मॉ ने काफी रकम रखने के लिये दी थी। यह पैसै उन्होंने कमरे में रखे दीवान के अंदर पन्नी में लपेटकर रख दिये थे। बीते दिनो उनकी पत्नी पूनम श्रीवास्तव की निजी नर्सिंग होम में डिलीवरी हुई थी, डिलेवरी के बाद परिवार घर आ गया था। जरुरत होने पर परिवार वालो ने उनकी पत्नी से मां द्वारा दी गई रकम देने को कहा। इस पर जब दीवान में रखी रकम निकालने के लिये उसे खोला गया तो पता चला की पैसा चोरी हो चुका है। पहले तो उन्होनें अपने स्तर पर परिवार वालो सहित घर में काम करने वाली नौकरानी पार्वती से भी पूछताछ कर रकम का पता लगाने का प्रयास किया। लेकिन जब चोरी गये पैसै की कोई जानकारी नहीं लगी तब उन्होनें थाने में शिकायत कर दी। जॉच के बाद फिलहाल अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने जॉच शुरु कर दी है।

#### गुड़ी पड़वा के एक दिन पहले मुख्यमंत्री निवास में हुआ कार्यक्रम

# नव संवत्सर सभी के जीवन में सुख- समृद्धि और आनंद का भाव लाए : मोहन यादव

**विजय मत, भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय संस्कृति के अंतर्गत पर्व और त्योहारों का निर्धारण मंगल तिथियां के आधार पर होता है। खगोलीय गतिविधियों की दृष्टि से गुड़ी पड़वा अर्थात प्रतिपदा, वर्ष की पहली मंगल तिथि है। इसी आधार पर होली, दीपावली जैसे त्योहारों की तिथियों का निर्धारण होता है। इस मंगल तिथि का अभिवादन कहीं चेटीचंड, कहीं वर्ष प्रतिपदा और कहीं गुड़ी पड़वा सहित अन्य अनेक नाम से किया जाता है। यह प्राचीन सनातन संस्कृति की अनुपम परंपरा है, इसी तिथि पर चंहुओर खुशियों, समृद्धि और हर्षोल्लास का वातावरण होता है। गुड़ी पड़वा पर घर-घर स्थापित होने वाला कलश हमारी पवित्र आत्मा को अभिव्यक्त करता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि समृद्धि और विकास का नव संवत्सर सभी के जीवन में सुख-समृद्धि और आनंद का भाव लाए, ईश्वर से यही कामना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, प्रदेश के वृहद मराठी समाज द्वारा गुड़ी पड़वा के संदर्भ में मुख्यमंत्री निवास के सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबांधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का समाज बंधुओं ने मंत्रोच्चार के बीच तिलक कर स्वागत किया और अंगवस्त्र एवं श्रीफल भेंट कर उनका अभिवादन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को मराठी साहित्य



अकादमी, संत सेवा संघ पुणे, पिपलानी गणेश मंडल भोपाल और कोलार महाराष्ट्र मंडल भोपाल की ओर से परम्परागत गुड़ी भेंट की गई। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने मध्यप्रदेश मराठी साहित्य संघ, भोपाल द्वारा प्रकाशित पत्रिका भोजपत्र का विमोचन भी किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत में संस्कृत उत्कर्ष का महायज्ञ चल रहा है। यह सनातन, साहित्यिक, सांस्कृतिक पहलुओं के साथ ही सभी पर्व और त्योहारों के उत्कर्ष का अवसर है। वसुदेव कुटुंबकम का भाव सबको साथ लेकर चलने और सब के प्रति सद्भाव रखने का प्रतीक है। भारतीय संस्कृति के सभी त्योहारों को समाज और सरकार मिलकर पूर्ण आनंद और उल्लास के साथ मनाएं इस दिशा में सरकार निरंतर कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विक्रम उत्सव के माध्यम से सम्राट विक्रमादित्य के जीवन के विभिन्न पहलुओं को जन सामान्य के सामने लाने का प्रयास किया जा रहा है। सम्राट विक्रमादित्य और शिवाजी महाराज जैसे महापुरुषों के प्रसंग से जीवन प्रबंधन और आत्म गौरव के अनेक सूत्र प्राप्त होते हैं । मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने त्योहार और पर्व का अंतर बताते हुए कहा कि जन्माष्टमी, राम नवमी, नवरात्रि, एकादशी, द्वादशी आदि जिन अवसरों पर उपवास रखा जाए वह पर्व हैं। होली, दीवाली जैसे मंगल कामनाओं और आनंद के साथ मनाए जाने वाले अवसर त्योहार हैं।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन से करेंगे जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ

**भोपाल।** प्रदेश में वर्षा जल की बूंद-बूंद बचाने का "जल गंगा संवर्धन" महा अभियान गुड़ी पड़वा के दिन 30 मार्च से शुरू होने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन स्थित क्षिप्रा तट पर वरुण (जल देवता) पूजन और जलाभिषेक के साथ "जल गंगा संवर्धन अभियान" का विधिवत शुभारंभ करेंगे। यह प्रदेशव्यापी अभियान ग्रीष्म ऋतु में 30 जून तक 90 दिन से अधिक समय तक लगातार चलेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव हर दिन एक छोटी-बड़ी जल संरचना को लोकार्पित करेंगे। जल संरक्षण के इस अभियान से प्रदेश में भूजल स्तर में सुधार आएगा। पानी की बूंद-बूंद बचाएं, तभी हमारी सांसें बचेंगी। मध्यप्रदेश सरकार जन, जल, जंगल, जमीन और वन्य प्राणियों के संरक्षण के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जल संरक्षण अभियान देशभर में एक व्यापक जन-आंदोलन बना है। राज्य सरकार भी 'खेत का पानी खेत में-गांव का पानी गांव में' के सिद्धांत पर जल संरक्षण की दिशा में अभियान चला रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि "जल गंगा संवर्धन अभियान" में जल संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए वर्षा जल संचयन, जल स्रोतों का पुनर्जीवन और जल संरक्षण तकनीकों को अपनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार का यह अभियान जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# भोपाल मैनिट के जंगल में लगी आग, हजारों पेड़ जले

#### चार घंटे में 30 दमकलों ने पाया आग पर काबू



**विजय मत, भोपाल**

गर्मियां शुरू होते ही राजधानी भोपाल में आगजनी की कई घटनाएं सामने आ रही हैं। जहां कुछ दिन पहले कालियासोत के जंगल में आग लगने से कई पेड़ पौधे जल गए थे। वहीं अब मौलाना आजाद नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (मैनिट) के जंगल में शनिवार को सुबह 9 आग लग गई। तेज हवा के कारण कुछ ही देर में आग ने आसपास के पेड़ों को भी चपेट में ले लिया, जिससे हजारों पेड़ जल गए। हालांकि घटना की सूचना मिलने पर 30 से अधिक दमकलों को घटना स्थल पर भेजा गया। करीब 4 घंटे की मशक्कत के बाद 25 से अधिक दमकलकर्मियों ने इस आग पर काबू पा लिया। इस आगजनी में कोई जनहानि नहीं हुई है।

### 600 एकड़ में फैला मैनिट परिसर

जानकारी के लिए बता दें कि मैनिट का परिसर करीब 600 एकड़ में फैला है. इसके 80 प्रतिशत क्षेत्र में जंगल है। इससे लगे हुए हास्टल भी बने हुए हैं। जब सुबह जंगल में आग लगी तो उसके आसपास के हास्टलों में छात्र दहशत में आ गए। हास्टल में धुंआ भर गया। इस आग के कारण मैनिट परिसर के हजारों पेड़ जल गए। हालांकि, खुला क्षेत्र होने की वजह से आग को कंट्रोल करने में ज्यादा परेशानी नहीं हुई। आग की सूचना मिलने पर मैनिट के अधिकारियों के साथ नगर निगम के अधिकारी और फायरमैन मौजूद रहे।

### गर्मियों में बढ़ जाती है आगजनी की घटनाएं

नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि गर्मी के दिनों में आग की घटनाएं बढ़ जाती हैं। इस समय खेतों में भी किसानों की फसल कटी नहीं है। ऐसे में फसल को बचाने के लिए शहर के सीमावर्ती इलाकों में भी दो-दो फायर ब्रिगेड की गाड़ियां तैयार स्थिति में खड़ी की गई हैं, जिससे आग की सूचना मिलते ही मौके पर दमकलों को पहुंचाया जा सके, जिससे की फसल का नुकसान कम से कम हो।

*4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू ... नगर निगम के दमकल कर्मियों ने बताया कि मैनिट परिसर के जंगल में आग लगने की सूचना सुबह करीब 9 बजे फायर कंट्रोल रूम को दी गई थी। जिसके बाद माता मंदिर, कोलार, न्यू-मार्केट, बोगदापुल और फतेहगढ़ समेत अन्य फायर स्टेशनों से करीब 12 फायर ब्रिगेड और वाटर टैंकर मौके पर भेजे गए। इस आग को बुझाने में करीब 4 घंटे का समय लगा। इस दौरान आग में 30 से अधिक दमकलों और वाटर टैंकर से पानी डाला गया।*

## भोपाल नगर निगम बजट से पहले विपक्ष ने खड़े किए सवाल, कहा-बजट तैयार करने में हुआ नियमों का उल्लंघन

**विजय मत, भोपाल**

भोपाल नगर निगम का बजट 3 अप्रैल को आएगा। इससे पहले विपक्ष ने सवाल खड़े करने शुरू कर दिए। परिषद में नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी ने महापौर परिषद को पत्र लिख कर कहा है कि एमआईसी को 31 मार्च या उससे पहले बजट को अंतिम रूप देकर प्रस्तुत करना था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया, जो नियमों के विरुद्ध है। उन्होंने कहा है कि जब बजट नियमानुसार तैयार नहीं हुआ, तो 3 अप्रैल को बैठक किस आधार पर बुलाई जा रही है। साथ ही बैठक की अवधि एक दिन से बढ़ाकर दो दिन करने की मांग की है। नेता प्रतिपक्ष ने जनहित से जुड़े अहम मुद्दों को भी एजेंडे में शामिल करने की मांग भी की है।

कांग्रेस पार्षदों का कहना है कि 28 मार्च को जारी एजेंडे में केवल दो बिंदु शामिल किए गए हैं। निगम मुख्यालय भवन के निर्माण कार्य में अतिरिक्त राशि खर्च करने का प्रस्ताव। और बजट पर विचार एवं अनुमोदन। नेता प्रतिपक्ष ने इसे नियम विरुद्ध बताते हुए कहा है कि नगर निगम से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों को नजरअंदाज किया जा रहा है।

### एजेंडे में इन मुद्दों को शामिल करने की मांग

1- सफाई, सीवेज, बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं से जुड़े मुद्दे।
2- शहर के 85 वार्डों में स्वच्छता, जल आपूर्ति, सीवेज निकासी, सार्वजनिक शौचालयों की मरम्मत और सफाई के लिए ठोस योजना।
4- सभी वार्डों में सफाई कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने का निर्णय।
4-निगम कर्मचारियों को समय पर वेतन देने के लिए एक निश्चित समय-सीमा निर्धारित करना, ताकि वे आर्थिक तंगी से बच सकें।
5- अस्थायी, अर्द्ध कुशल, दैनिक वेतनभोगी, विनियमित और कुशल कर्मचारियों की पदोन्नति के प्रस्ताव को बैठक में शामिल करना।
6- पूर्व में कांग्रेस पार्षदों द्वारा दिए गए सुझावों को भी बैठक में चर्चा के लिए लाया जाए।

### महिला के पूर्व परिचत वाट्सएप पर भेज रहे अश्लील मैसेज, केस दर्ज

**भोपाल।** बागसेवनिया इलाके में रहने वाली एक महिला से उसके पूर्व परिचत वाट्सएप पर अश्लील मैसेज भेज रहे है। तंग आकर महिला ने पुलिस से शिकायत की है। पुलिस ने नंबर के आधार पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि इलाके में रहने वाली 33 वर्षीय महिला गृहणी है। वह दिल्ली के किसी संगठन में काम करती थी। थाने में शिकायती आवेदन देते हुए बताया की संगठन में काम करने वाले उनके पूर्व परिचित उन्हें वाट्सएप पर अश्लील मैसेज भेज रहे है। मनचलों ने जनवरी माह से फरवरी तक उन्हें यह मैसेज भेजे है।

## जीआरपी जवान ने बचाई 14 साल की लड़की की जान, पुलिस मुखिया ने सराहना कर दिया 10 हजार रुपए का इनाम

**विजय मत, भोपाल**

मध्य प्रदेश के अशोक नगर रेलवे स्टेशन पर एक साहसिक कार्य के तहत जीआरपी इंदौर के जवान गोविंद सिंह चौहान ने एक लड़की की जान बचाई। इस बहादुरी के लिए मध्य प्रदेश पुलिस के डीजीपी कैलाश मकवाना ने उन्हें 10 हजार रुपये का इनाम दिया और उनके साहस की सराहना की। जानकारी के अनुसार बीना-कोटा मेमू ट्रेन पर चढ़ने के प्रयास में एक लड़की का पैर अचानक फिसल गया और वह प्लेटफार्म के बीच के गैप में गिरने लगी। इस समय जीआरपी जवान गोविंद सिंह चौहान ने तुरंत दौड़कर उसे खींचकर बाहर निकाला, जिससे उसकी जान बच गई। इस घटना का वीडियो रेलवे स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे में भी रिकॉर्ड हो गया।




बताया गया कि यह लड़की अपने परिजनों के साथ बीना से बारां जा रही थी और अशोकनगर स्टेशन पर खाद्य सामग्री के लिए उतरी थी। जैसे ही ट्रेन चली, उसने चलती ट्रेन पर चढ़ने की कोशिश की, लेकिन अचानक उसका पैर फिसल गया। जब गोविंद सिंह ने उसे समय रहते खींच लिया, तो वह लड़की सुरक्षित बाहर आ गई। इस बहादुरी को देखकर लड़की के परिवार ने भी रेलवे जवान का आभार व्यक्त किया।

## हनुमान जयंती के अवसर पर चलेगी मेला स्पेशल ट्रेन

**विजय मत, भोपाल**

रेल प्रशासन ने हनुमान जयंती मेला के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए भोपाल-इटावा-भोपाल के लिए अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेन का संचालन शुरू करने की घोषणा की है। यह ट्रेन जो 30 मार्च से शुरू हो रही है। भोपाल मंडल द्वारा हनुमान जयंती मेला के अवसर पर यात्रियों की सुविधा और अतिरिक्त यात्री भार क्लियर करने के उद्देश्य से एक अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। यह ट्रेन गाड़ी संख्या 01601/01602 के तहत कुल 7 फेरे लगाएगी। रोजाना एक फेरा लगेगा।

ट्रेन 30 मार्च, 1, 3, 5, 7, 10 और 12 अप्रैल को भोपाल से सुबह 4.50 बजे प्रस्थान करेगी। इसके बाद यह विदिशा (5.31 बजे), गंज बासौदा (6.01 बजे), मंडी बामौरा (6.24 बजे), मुंगावली (7.20 बजे),अशोक नगर (7.57 बजे), गुना (9.15 बजे), बदरवास (10.22 बजे), कोलारस (11.13 बजे), शिवपुरी (11.35 बजे ), मोहाना (12.26 बजे), घाटीगांव (12.53बजे), पनिहार (13.11 बजे), ग्वालियर (14.10 बजे), शनिचरा (14.32 बजे), मालनपुर (14.44 बजे), जांवल (15.01 बजे) और सोनी (15.17 बजे) होते हुए 16.55 बजे इटावा पहुंचेगी।

### भोपाल में चार दिन बंद रहेंगी मांस की दुकानें, नगर निगम ने आदेश जारी किया

**भोपाल।** नवरात्रि में मांस की दुकानें बंद रखने की मांग के बीच भोपाल नगर निगम ने चार दिन मांस की दुकानों को बंद रखने का आदेश जारी किया है। भोपाल नगर निगम की तरफ से धार्मिक अवसरों पर मांस बिक्री बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। नगर निगम की तरफ से चैती चांद, राम नवमी, महावीर जयंती और बुद्ध जयंती पर मांस की दुकाने बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। निगम के अनुसार 30 मार्च को चैती चांद , 6 अप्रैल 2025 को राम नवमी , 10 अप्रैल 2025 को महावीर जयंती और 12 मई 2025 को बुद्ध जयंती के दिन भोपाल नगर निगम सीमा में सभी मांस विक्रय की दुकानें बंद रहेंगी। इसके अलावा, यदि किसी दुकान पर मांस विक्रय करते हुए पाया जाता है, तो संबंधित दुकान का लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा और सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## चैत्र नवरात्र आज से शुरू, तीन शुभ योग का संयोग

**विजय मत, भोपाल**

शक्ति की आराधना का पर्व चैत्र नवरात्रि रविवार से प्रारंभ हो रहा है। इस साल मां दुर्गा का आगमन हाथी पर होगा, जो एक शुभ संकेत माना जाता है। शहर और जिले के सभी देवी मंदिरों में विशेष तैयारियां की जा रही हैं। नौ दिनों तक श्रद्धालु मां की भक्ति में लीन रहेंगे। वहीं हिंदू संगठनों ने नव वर्ष के लिए विशेष कार्यक्रम तैयार किए हैं। सनातन धर्म के अनुयायियों से अपने अपने घरों में धर्म ध्वज फहराने, बंधनवार लगाने और शाम को पांच दीप जलाने का आग्रह किया गया है। साथ ही सभी मंदिरों में महा आरती का आयोजन होगा।

पंडित राजेंद्र शास्त्री के अनुसार, इस बार नवरात्रि कई शुभ योगों में प्रारंभ हो रही है। पहले दिन सर्वार्थ सिद्धि योग शाम 4:35 से अगले दिन सुबह 6:12 तक रहेगा। साथ ही इंद्र योग और रेवती नक्षत्र का संयोग भी है। नवरात्रि के दौरान चार दिन रवियोग और तीन दिन सर्वार्थसिद्धि योग रहेगा। इन योगों में किए गए कार्य सफल होंगे।

### हाथी पर सवार होकर आएंगी मां दुर्गा



मां शक्ति की भक्ति के पर्व चैत्र नवरात्रि में चतुर्थी और पंचमी तिथि एक ही दिन होने से इस बार नवरात्रि 9 दिन की बजाय 8 दिन की होगी। नवरात्रि के दिन मां शक्ति की उपासना के लिए बेहद खास होते हैं। इसलिए सर्वार्थ सिद्धि योग में मां दुर्गा के 9 रूपों की आराधना की जाएगी। दरअसल, सनातन धर्म में नवरात्रि पर्व का विशेष महत्व है।पं. चंदन श्यामनारायण व्यास ने बताया कि सालभर में दो गुप्त नवरात्रि, चैत्र और शारदीय नवरात्रि सहित चार नवरात्रि मनाई जाती हैं। माघ और आषाढ़ माह में गुप्त नवरात्रि आती है।


**खास-खबर** सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को अपने कार्यकाल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए किया गया सम्मानित

## सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों की सीख उत्कृष्ट कार्य करने के लिए करती है प्रेरित : मकवाणा

**विजय मत, भोपाल**

मध्य प्रदेश पुलिस पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा शनिवार 29 मार्च को 22वें विशिष्ट सदस्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जहांगीराबाद स्थित पुलिस परिवहन शोध संस्थान (पीटीआरआई) में आयोजित कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों और मेधावी विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया।

इस अवसर पर डीजीपी कैलाश मकवाणा ने अपने संबोधन में अपने करियर के शुरुआती दिनों को याद किया और कहा कि ÷जब मैं अपने करियर की शुरुआत को देखता हूं, तो मुझे हमारे केडर के लीजेंड कहे जाने वाले वरिष्ठ अधिकारियों की याद



आती है। मालवीय साहब जैसे अधिकारियों से हमें हमेशा प्रेरणा मिलती रही है।÷ उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस सेवा के दौरान उन्हें कई प्रतिष्ठित अधिकारियों के मार्गदर्शन में कार्य करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, जिनमें अरुण गुर्टू, नरेंद्र प्रसाद, पी.एल. पांडे, एम.आर. ज्योतिष चंद्र सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों का मार्गदर्शन मिला। उन्होंने बताया कि सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों की सीख हर पुलिस अधिकारी और कर्मचारी को सदैव उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित करती है। इनके उदार कृतित्व व मार्गदर्शन के कारण हम उन्हें प्रणम्य मानते हैं और उनके प्रति आदर भाव रखते हैं। मप्र पुलिस का इतिहास काफी गौरवशाली रहा है। इसमें हमारे सेवानिवृत्त अधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। डीजीपी मकवाणा ने अपने प्रशिक्षण और फील्ड कार्यकाल का स्मरण करते हुए कहा कि सुरेंद्र सिंह साहब मेरे पहले एसपी थे, जिनके अधीन मैंने पुलिसिंग के शुरुआती गुर सीखे। पुलिस मुख्यालय में पहली, द्वत पोस्टिंग के दौरान जी.पी. दुबे सर से प्रशासनिक कार्यों की बारीकियां सीखीं।

इस अवसर पर पूर्व डीजीपी मालवीय साहब, जेपी दुबे साहब, रघुवंशी साहब, सोनी साहब, मध्य प्रदेश पुलिस पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष गणेश प्रसाद दुबे, सचिव नरेंद्र सक्सेना, विनीत कपूर सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

**इन विशिष्ट सदस्यों को किया गया सम्मानित**-कार्यक्रम में डीजीपी मकवाणा द्वारा भारतीय पुलिस सेवा के उपेंद्र वर्मा और राज्य पुलिस सेवा के आर सी छारी, आर बी शर्मा, ए के श्रीवास्तव, ए एस बिसेन, महबूब खान सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारियों को सम्मानित किया गया।

### रिलायंस स्मार्ट बाजार के कर्मचारी कर रहे थे चोरी, कैमरे में कैद हुई करतूत

**भोपाल।** अयोध्या नगर थाना में स्थित रिलायंस स्मार्ट बाजार में काम करने वाले दो कर्मचारियो द्वारा की गई चोरी की करतूत कैमरे में कैद हो गई। बताया गया है दोनों पर पहले से ही चोरी करने का संदेह था, जिसके चलते उन पर कई दिनों से नजर रखी जा रही थी। थाना पुलिस से मिली जानाकरी के अनुसार आरोपी रामकिशन धाकड़ पिता कमल सिंह धाकड़ (24) और घनश्याम यादव पिता छगन लाल यादव (25) नरेला जोड़ में स्थित रिलायंस मार्ट बाजार में नौकरी करते हैं। दोनों आरोपी जिस जगह तैनात थे, वहां से कुछ समय से लगातार सामान चोरी होने की घटनॉए सामने आ रही थी। संदेह के कारण दोनों पर निगाह रखी जा रही थी। बताया गया है की दोनो आरोपी चोरी करने के लिये गुरुवार को वॉशिंग पाउडर के डिब्बों में सौंदर्य प्रसाधन का सामान इकट्ठा करके रख दिया। बाद में रात करीब दस बजे रामकिशन धाकड़ और घनश्याम यादव करीब 40 हजार के माल को चोरी कर ले जाने लगे। इसी बीच सिक्योरिटी गार्ड राजेश बैरागी ने उन्हें रंगे हाथो पकड़ लिया। सूचना मिलने पर मार्ट के मैनेजर नितेश शर्मा पिता अजय शर्मा (31) मौके पर पहुंचे और इसके बाद दोनो आरोपियो को अयोध्या नगर थाने ले जाया गया।

## एम्स भोपाल द्वारा मुरैना जिले में रोटरी चिकित्सा मिशन राहत-2025 के माध्यम से ग्रामीण समुदायों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं का विस्तार

**विजय मत, भोपाल**

एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह के सशक्त नेतृत्व और मार्गदर्शन में, एम्स भोपाल की एक समर्पित डॉक्टरों की टीम मुरैना जिले में आयोजित रोटरी मेडिकल मिशन - राहत-2025 के 26 मार्च से 2 अप्रैल 2025 तक चलने वाले मेगा हेल्थ कैंप में पूर्ण अवधि के लिए भाग ले रही है। इस मेगा हेल्थ कैंप का उद्घाटन मध्य प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी द्वारा किया गया। एम्स भोपाल की ओर से डॉ. अनिंदो मजूमदार, डॉ. अनंथन, डॉ. अदिति भारती, डॉ. कविता आर वी, डॉ. अग्निशिखा चौधरी, डॉ. वैष्णवी गावंडे, डॉ. कपिल प्रजापत और डॉ. आकांक्षा पाटिल जैसे अनुभवी चिकित्सक इस शिविर में क्लिनिकल कंसल्टेशन, रेफरल सेवाएं और स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान कर रहे हैं।

प्रो. (डॉ.) अजय सिंह का दृढ़ विश्वास है कि दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों में हेल्थ कैंप के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना मानव सेवा




का सबसे प्रभावी और उच्चतम रूप है। उनके दूरदर्शी दृष्टिकोण ने वन स्टेट, वन हेल्थ पॉलिसी की पहल को जन्म दिया है, जिसका उद्देश्य सभी नागरिकों को समान, साक्ष्य-आधारित चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना और राज्य भर में एक समान उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा प्रणाली स्थापित करना है। शिविर के पहले दो दिनों में ही लगभग 13,500 मरीजों ने पंजीकरण कराया। इस मेगा हेल्थ कैंप में 36 सहयोगी अस्पतालों और स्वास्थ्य संगठनों ने भाग लिया, जिनमें एम्स नई दिल्ली, लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज, जीबी पंत इंस्टीट्यूट ऑफ पोस्टग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल, पीजीआईएमईआर नई दिल्ली और बीएमएचआरसी भोपाल शामिल हैं।

संस्थापक
श्री रामसिपाही शुक्ल


# विश्वास की कमी से बढ़ते हैं तलाक के मामले

आजकल कुछ लेख पढ़ा जो बढ़ते तलाक के मामले पर था अपनी विशाल संस्कृति, पारंपरिक मूल्यों और समृद्धि की ऊंचाइयों के लिए मशहूर भारतीय समाज में तला के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। आपको जानकर हैरानी होगी कि पिछले कुछ सालों में भारत में तलाक के मामलों की संख्या में 50 से 60त्न की बढ़ोतरी हुई है। ऐसा नहीं है कि ये सभी मामले सिर्फ बड़े शहरों से हैं। मथुरा, हापुड़ और झज्जर जैसे छोटे शहर भी इन आंकड़ों में बराबर का योगदान दे रहे हैं। लेकिन अच्छी खबर यह है कि 50 से 60त्न की पर्याप्त वृद्धि के बाद भी भारत में तलाक की दर केवल 11त्न है और यह प्रतिशत अभी भी अन्य देशों की तुलना में कम है। संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे विकसित और प्रगतिशील देशों में तला की दर 55त्न, स्वीडन में 55त्न, रूस, यूनाइटेड किंगडम ऑफ ग्रेट ब्रिटेन और उत्तरी आयरलैंड में 43त्न और जर्मनी में 40त्न है। इससे पता चलता है कि रिश्तों को बनाए रखने के मामले में भारत का प्रदर्शन तुलनात्मक रूप से काफी बेहतर है। लेकिन सिर्फ इसलिए कि यहां तलाक कम हो रहे हैं, इसका मतलब यह नहीं है कि यहां के लोग अपने रिश्तों से खुश हैं। इसके पीछे कई अन्य कारण भी हो सकते हैं। हमारे देश में सामाजिक, सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों का बोलबाला है। भारतीयों के लिए अलगाव या तलाक कभी भी आसान बात नहीं रही, इसे पुरुष या महिला के चरित्र पर एक काला धब्बा माना जाता है। अन्य देशों की तरह यहां रिश्ते केवल शारीरिक आकर्षण के आधार पर नहीं बनते।इसके अलावा हिंदू धर्म तलाक शब्द को नहीं जानता।हिंदू ध र्में विवाह एक पवित्र और अनमोल रिश्ता है जिसे केवल एक जन्म के लिए नहीं बल्कि सात जन्मों के लिए माना जाता है।इसके अलावा कई अन्य कारक भी हैं जिनमें आर्थिक और भावनात्मक निर्भरता, सामाजिक और पारिवारिक दबाव शामिल हैं।

### नोट

सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं अतः यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।

# नव वर्ष-नव संकल्प



**शिवप्रकाश**

> भारतीय स्वाभिमान के प्रतीक जीवन की समस्त विधाओं में भारत की अग्रगणीयता, आर्थिक समृद्धि,प्रकृति में वसंत अर्थात सम्यक परिवर्तन की दिशा का संदेश संपूर्ण मानवता को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा देती आई है 7 भारतीय समाज में व्यैक्तिक एवं सामूहिक जीवन में उत्थान के लिए नव वर्ष पर नव संकल्प लेने की परंपरा है 7 इस विक्र म संवत के आगमन पर हम हर्ष एवं उल्लास के साथ नव वर्ष का स्वागत करेंएवं भावी समाज को संरक्षित करने की दिशा में नवसंकल्प लें।

भारतीय कालगणना के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को विक्रमी संवत 2082 प्रारंभ हो रहा है। आंग्ल तिथि के अनुसार 30 मार्च रविवार का यह दिन है। भारतीय स्वाभिमान के प्रतीक अनेक ऐतिहासिक प्रसंग चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के साथ जुड़ें है। पृथ्वी की उत्पत्ति के कारण पृथ्वी संवत, सृष्टि प्रारंभ दिवस के कारण सृष्टि संवत, श्रीराम जी का राज्याभिषेक, कलयुग संवत,युधिष्टिर संवत, विक्रम संवत (2082), शालिवाहनशकसंवत (1947),युगाब्द(5127),मालव संवत, गुडी पाडवा, आर्य समाज स्थापना, उगादि, गुरु अंगद देव का जन्म दिवसएवं झूलेलाल जी का अवतरण दिवस आदि सभी प्रेरणा दिवस इस शुभ दिन के साथ जुड़े है। शक्ति की उपासना के प्रतीक नवदुर्गा का प्रारंभ एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ0केशवराव बलिराम हेडगेवार का जन्म भी वर्षप्रतिपदा ही है।

**शारीरिक-** शरीरमाध्यम्खलु धर्म साधनम(अर्थात धर्म के साधन का मार्ग स्वस्थ शरीर ही है) भारत मेंअसावधानी के कारण हमारा खानपान स्थूल(मोटापा) शरीर का निर्माण कर रहा है। जिसके कारण अनेक रोग हमारे शरीर को अपना घर बना रहे हैं। दुनिया के देशों की तुलना में हमारे देश में गंभीर रोगों का औसत अधिक है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देश को संबोधित करते हुए फिट इंडिया का संदेश दिया था। नव वर्ष पर यदि हम अपनी प्रतिदिन की दिनचर्या में संतुलित आहार, व्यायाम एवं योग को स्थान देंगे तब हमारा स्वास्थ्यअच्छा होगा। हमारा स्वास्थ्य ही राष्ट्र के स्वास्थ्य से जुड़ा है। इसको हम प्रतिदिन का संकल्प बनाएं।



**पारिवारिक-** भारतीय समाज के चिरंजीवी होने के अनेक कारणों में से महत्वपूर्ण है हमारी पारिवारिक व्यवस्था। संपूर्ण विश्व इस पारिवारिक व्यवस्था का अध्ययन एवं अनुपालन करने का प्रयास कर रहा है। परिवार के सभी सदस्यों में सामूहिकता, सुरक्षा, परस्पर प्रेम और आत्मीयता का अंकुरण होता है । परिवार टूटने के कारण ही दुनिया के देश अपने बजट का बड़ा भाग सामाजिक सुरक्षा पर खर्च कर रहे हैं। भारत में दुनिया की तुलना में यह न्यून है। हम अपने परिवार के वृद्धों को सम्मान एवं आत्मीयता दें। इसका परिणाम होगा कि नवीन पीढ़ी में भी यह संस्कार आएगा। परिवार के सदस्य सामूहिक भोजन, सामूहिक भजन एवं वर्ष में एक-दो बार विशेष प्रसंगो पर वृहद् परिवार मिलन कर पारिवारिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने का संकल्प लें।

**भाषा सीखे-**विशाल भूभाग वाले अपने देश में अनेक भाषाओं एवं बोलियों का उपयोग होता है। सभी भाषाओं में एक अन्तर्निहित एकात्मता है। हम अपनी मातृभाषा के साथ-साथ एक और दूसरे प्रदेश की भाषा सीखने का प्रयास करें। जिसके कारण हम उस भाषा के साहित्य में छिपे तत्वज्ञान,महापुरुषों एवं परंपराओं को समझ सकेंगे, एवं राष्ट्र की एकात्मता वृद्धि में सहयोगी बन सकेंगे।

**नागरिक अनुशासन-** देश के संविधान के प्रति आदर एवं श्रद्धा भाव, देश को सुचारू संचालित करने के लिए बनी व्यवस्थाओं का अनुपालन, देश की सम्पत्तियों का संरक्षण, नियमों का पालन,शुचिता पूर्ण कर्तव्य निष्ठ व्यवहार करने से देश में अनुशासन का भाव निर्माण होगा। यह अनुशासन ही किसी भी देश की महानता की गारंटी है । अभावग्रस्त समाज के लोगों को शिक्षा,भोजन,कार्य कुशलता निर्माण कर सेवा के माध्यम से समृद्ध करें। अपने चारो तरफ होने वाली घटनाओं के प्रति सजग रहते हुए समाज में सुरक्षितता का वातावरण बनाएं। नए-नए प्रयोगों के द्वारा रोज़गार प्रदान करते हुए भारत को आर्थिक समृद्ध कर, विकसित भारत के संकल्प की पूर्ति में सहायक होना हमारा संकल्प बने ।

**संयमित एवं सादगी पूर्ण जीवन शैली-** पंडित दीन दयाल उपाध्याय द्वारा स्थापित सिद्धांत खर्च में संयम एवं उत्पादन में वृद्धि हम सभी के लिए मार्गदर्शक है ।आय से अधिक खर्च किसी भी समाज में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता है। समाज में एक दूसरे को देखकर अधिक खर्च की प्रवृत्ति भी बढ़रही है। शादी-विवाह एवं शुभ प्रसंगों के समय बर्बाद होता भोजन यह राष्ट्र की संपत्ति का ही नुकसान है। यह दृष्टि लेकर व्यक्तिगत जीवन में सादगी एवं संयम पूर्ण व्यवहार से समाज को सम्यक दिशादें। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने भी अन्न की बर्बादी के संबंध में सम्पूर्ण देश को सचेत किया था ।

**महिला सशक्तिकरण-**अपने प्राचीन धर्म ग्रंथो में माँ (स्त्री) का बड़ा श्रेष्ठ स्थान (यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः ) था । कालांतर में समाज में अनेक कुप्रथाए आई। आज भी समाज में हृदय को विदीर्ण करने वाली अनेक घटनाएं होती रहती है। महिला हिंसा एवं दुर्व्यवहार को समाप्त करें।समाज में महिलाओं को समान स्थान,समान अवसर, निर्णयों में समान सहभागिता का वातावरण बनाने में हम सभी सहभागी बने।

**पर्यावरण संरक्षण-** महात्मा गाँधी जी का प्रसिद्ध वाक्य The Earth has enough resources for our need but not for our greed.भोगवादी जीवन शैली एवं प्रकृति के संसाधनों पर कब्जे की मनोवृति के कारण हमने पर्यावरण के साथ छेड़छाड़ की है। जिसका परिणाम है प्रदूषण एवं तापमान में वृद्धि। अनेक विद्वानों एवं पर्यावरण केंद्रित संस्थाओं के आकड़े हमें चिंतित करने वाले है। मनुष्य का जीवन भविष्य में सुरक्षित रहेगा अथवा नहीं यह सभी की चिंता का विषय है। हम इस नव वर्ष पर अपना जीवन पर्यावरण को संरक्षित करनेवाला बनाएं, एवं जल, भोजन, वायु, वनस्पति सभी शुद्ध रहे इसका संकल्प लें।

**संस्कृति स्वाभिमान-** हमारी संस्कृति त्यागमयी एवं सभी के कल्याण का विचार करने वाली है। इस कारण विश्व शांति की गारंटी भारतीय संस्कृति ही है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा हमको इस सांस्कृतिक गौरव का ही स्मरण कराती है। हम स्वयं एवं आने वाली पीढ़ी में अपने महापुरुषों, अपनी परंपराओं के प्रति यह गौरव के भाव को जागृत करने का संकल्प लें।चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के उत्सव को व्यक्तिगत के साथ-साथ समाज का उत्सव बनाते हुए, हम अपने व्यक्तिगत जीवन एवं समाज जीवन में यह संकल्प ले तब नव वर्ष की सार्थकता सिद्ध होगी।

**- लेखक भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री हैं।**

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार**

# नव संवत्सर : भारत का नव वर्ष

**सुरेश हिन्दुस्थानी**

आज यह प्रामाणिक रूप से कहा जा सकता है कि अपने स्वर्णिम अतीत को विस्मृत करने वाला भारतीय समाज अब अपनी जड़ों की ओर लौट रहा है। सही मायनों में कहा जाए तो समाज प्राकृतिक होने की ओर कदम बढ़ा चुका है। विश्व की महान और शाश्वत परंपराओं का धनी भारत देश भले ही अपने अपनी पहचान बताने वाली कई बातों का भूल गया हो, लेकिन कुछ बातें ऐसी भी हैं, जिनका स्वरुप आज भी वैसा ही दिखाई देता है, जैसा दिग्विजयी भारत का था। हम भले ही अपने शुभ कार्यों में अंग्रेजी तिथियों का उल्लेख करते हों, लेकिन उन तिथियों का उन शुभ कार्यों से कोई संबंध नहीं रहता। हम जानते हैं कि भारत में जितने भी त्यौहार एवं मांगलिक कार्य किए जाते हैं, उन सभी में केवल भारतीय काल गणना को ही प्रधानता दी जाती है। इसका आशय स्पष्ट है कि भारतीय ज्योतिष उस कार्य के गुण और दोष को भली भांति प्रकट करने की क्षमता रखता है। किसी अन्य कालगणना में यह संभव ही नहीं है। वर्तमान में हम भले ही स्वतंत्र हो गए हों, लेकिन पराधीनता का काला साया एक आवरण की तरह हमारे सिर पर विद्यमान है। जिसमें चलते हम उस राह का अनुसरण करने की ओर प्रवृत्त हुए हैं, जो हमारे संस्कारों के साथ समरस नहीं है। अब नव वर्ष को ही ले लीजिए। अंग्रेजी पद्धति से एक जनवरी को मनाया जाने वाला वर्ष नया कहीं से भी नहीं लगता। इसके नाम पर किया जाने वाला मनोरंजन फूहड़ता के अलावा कुछ भी नहीं है। सोचने की बात यह है कि आधुनिकता के नाम पर समाज का अभिजात्य वर्ग वह सब कुछ कर रहा है, जो सभ्य और भारतीय समाज के लिए स्वीकार करने योग्य नहीं है। विसंगति तो यह है कि हमारे समाज के यही लोग संस्कृति बचाने के नाम पर लम्बे चौड़े व्याख्यान देते हैं। भारतीय काल गणना के अनुसार मनाए जाने वाले त्यौहारों के पीछे कोई न कोई प्रेरणा विद्यमान है। हम जानते हैं कि हिन्दी के अंतिम मास फाल्गुन में वातावरण भी वर्ष समाप्ति का संकेत देता है, साथ ही नव वर्ष के प्रथम दिन से ही वातावरण सुखद हो जाता है। हमारे ऋषि मुनि कितने श्रेष्ठ होंगे, जिन्होंने ऐसी काल गणना विकसित की, जिसमें कब क्या होना है, इस बात की पूरी जानकारी समाहित है। पिछले दो हजार वर्षों में अनेक देशी और विदेशी राजाओं ने अपनी साम्राज्यवादी आकांक्षाओं की तुष्टि करने तथा इस देश को राजनीतिक दृष्टि से पराधीन बनाने के प्रयोजन से अनेक संवतों को चलाया, किंतु भारत राष्ट्र की सांस्कृतिक पहचान केवल विक्रमी संवत के साथ ही जुड़ी रही।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार**

# नव संवत्सर : केवल पर्व नहीं, सनातन की प्रामाणिकता को समझने का अवसर भी



**डॉ. राघवेंद्र शर्मा**

> आशय यह कि यदि पश्चिमी सभ्यता को आधार मानकर मानवीय समृद्धि का आकलन किया जाए तो वह केवल 2025 साल पुरानी ही प्रमाणित हो पाती है। जबकि भारतीय संवत्सर 2082 यह प्रतिपादित करता है कि हमारे यहां पश्चिमी दुनिया से लगभग 57 साल पहले विक्रम संवत स्थापित हो चुका था। यह भी इतिहास में दर्ज है कि सम्राट विक्रमादित्य का शासन काल इतना समृद्ध और विकसित रहा है, जिसके जीवंत प्रमाण भारत में आज भी मौजूद हैं और इसकी संपन्नता के उदाहरण दुनिया भर में दिए जाते हैं। दिन के उजाले की तरह सहज सत्य है कि सम्राट विक्रमादित्य भारतीय सभ्यता में पहले शासक नहीं थे।

नव संवत्सर का महापर्व ~ गुड़ी पड़वा, वर्ष प्रतिपदा, उगादि, चैत्र मास की नवरात्रि, रामनवमी और फिर हनुमान जयंती। अनेक त्योहारों का यह समूह भारतीय नव वर्ष का उद्घोष तो है ही, एक स्वर्ण अवसर भी है, यह समझने और जानने का कि वास्तव में हमारी भारतीय संस्कृति कितनी पुरातन, गौरवशाली और समृद्धशाली रही है। पहले हम विक्रम संवत्सर की बात करते हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार आगामी 29 मार्च 2025 की संध्याकाल में 4~27 पर विक्रम संवत 2082 की वर्ष प्रतिपदा प्रारंभ हो रही है, जो कि अगले दिन यानी 30 मार्च 2025 को मध्यान्ह 12~49 तक रहने वाली है। क्योंकि इस तिथि में सूर्योदय 30 मार्च को होने जा रहा है। फल स्वरुप वर्ष प्रतिपदा का त्योहार 30 मार्च को मनाया जाना सुनिश्चित है। सर्व विदित है कि हम यह त्यौहार सम्राट विक्रमादित्य द्वारा स्थापित विक्रम संवत के अनुसार आने वाले नव वर्ष के रूप में मनाते चले आ रहे हैं। इतिहास की मानें तो सम्राट विक्रमादित्य ने शकों को हराने के बाद उस संवत्सर की स्थापना की थी जो अब 2081 वर्ष पुराना हो चुका है और हम 30 मार्च को संवत्सर 2082 की वर्ष प्रतिपदा का त्यौहार मनाने जा रहे हैं। जहां तक मानवीय सभ्यता की बात है तो इसे समूचे विश्व में ई. सन के माध्यम से आंका जाता है जो अभी 2025 से साक्षात्कार कर रहा है। दुर्भाग्य जनक बात यह है कि पश्चिमी सभ्यता से दिग्भ्रमित अनेक भारतीय विद्वान भी भारतीय सनातन की पुरातनता को भूलकर ई. सन को ही सर्वाधिक पुरानी सभ्यता प्रतिपादित करने में लगे रहते हैं।





उनके पहले भी अनेक सभ्यताएं भारत वर्ष में स्थापित हुईं और उन्होंने अपने ज्ञान एवं अनुभवों से पूरे विश्व को लाभान्वित किया। यदि कलियुग की ही बात की जाए तो हमारी सभ्यता कम से कम 5000 वर्ष पुरानी तो हो ही जाती है। क्योंकि हमारे ग्रंथ बताते हैं कि द्वापर युग के दौरान आज से लगभग 5124 साल पहले कुरुवंशी महाराज युधिष्ठिर का राज्याभिषेक बर्ष प्रतिपदा के दिन ही हुआ था। सब जानते हैं कि पांडवों के स्वर्गारोहण से पूर्व राजा परीक्षित ने भारत का राज्य शासन संभाला वैसे ही कलयुग का प्रारंभ हो गया था। उसी के प्रभाव से वशीभूत होकर राजा परीक्षित ने एक संत के गले में मरा हुआ सर्प डाल दिया था। फल स्वरुप राजा परीक्षित की मृत्यु सर्पदंश के कारण ही हुई थी। इस वर्णन के हिसाब से देखा जाए तो भारतीय सनातन का गौरवशाली एवं समृद्धशाली सभ्यता का इतिहास 5000 वर्षों से भी अधिक पुराना है। केवल कलयुग की ही काल गणना की जाए तो अभी युगाब्ध 5126 प्रचलन में है। इस आधार पर हमारी सभ्यता 5000 सालों से भी अधिक पुरानी हो जाती है। किंतु महाराज युधिष्ठिर को भी भारतीय सभ्यता का प्रथम शासक नहीं माना गया। उनके पहले भी राजा भरत से लेकर पांडू अथवा धृतराष्ट्र तक कुरुवंशियों की अनेक पीढ़ियों ने भारतवर्ष पर शासन किया है। इन सब की गणना की जाए तो तब से लेकर अभी तक भारतीय सभ्यता 8 लाख 64000 सालों का बेहद संपन्न दौर पूरा कर चुकी है। इससे भी पहले त्रेता युग में सूर्यवंशियों की स्वर्णिम आभा भारतीय सनातन को अपने ऐश्वर्य और वैभव से दैदीप्यमान करती रही हैं। जिसमें राजा इक्ष्वाकु से शुरू होकर लव कुश तक के राजा विश्व के बहुत बड़े भूभाग पर शासन करते रहे हैं, जिसमें भारतवर्ष सत्ता का केंद्र बना रहा। उस युग की काल गणना कर ली जाए तो उसे गुजरे हुए अभी तक 12 लाख 96 हजार सालों का समय गुजर चुका है। जबकि सूर्यवंश की शुरुआत सतयुग में ब्रह्मा जी से है। ब्रह्मा जी के पुत्र मरीचि, उनके पुत्र कश्यप और फिर विवस्वान से सूर्यवंश का प्रादुर्भाव माना जाता है। राजा हरिश्चंद्र का प्रसंग इसी कालखंड का प्रामाणिक इतिहास है। हमारे धर्मशास्त्र बताते हैं कि महाराजा हरिश्चंद्र का शासन विश्व की सर्वोत्कृष्ट सभ्यताओं, ऐश्वर्य वैभव का स्थापित प्रमाण है। यानि कि भारतीय सभ्यता सतयुग में भी समृद्धशाली रही, जिसे गुजरे हुए कम से कम 17 लाख 28 हजार वर्ष का समय व्यतीत हो चुका है।

इस प्रकार देखें तो भारतीय सभ्यता स्वतः ही सनातन सिद्ध हो जाती है। सनातन का मतलब जो सृष्टि के प्राकट्य के साथ ही था, आज भी है और सदैव बना रहेगा। विश्व की अन्य सभ्यताएं भले ही बंदरों को मनुष्यों का पूर्वज मानती रही हैं। लेकिन हमारे लाखों साल पुराने वेद, पुराण, शास्त्र यह प्रतिपादित करते हैं कि भारतीय सभ्यता इस ब्रह्मांड के प्राकट्य के साथ ही अस्तित्व में आई और युगों युगों से पूरे विश्व का मार्गदर्शन करती रही। कालांतर में विदेशी लुटेरों, आक्रांताओं ने सोने की चिड़िया के नाम से विश्व प्रसिद्ध भारतवर्ष पर निरंतर आक्रमण किये। उसे लूटा खसोटा तथा हर उस प्रतीक को मिटाने के जी तोड़ प्रयास किए गए, जो भारतीय सभ्यता की सनातनता को प्रमाणित करते रहे। हमारी गौरवशाली और समृद्धशाली संस्कृति को मिटाने के हर संभव प्रयास किए गए। इसके बावजूद भी आज जब खुदाई के दौरान धरती के गर्भ में पुराने विकसित नगर दिखाई देते हैं, तब सत्यता सर्वोच्च गर्जना के साथ उद्घोष करती है कि विश्व में भारत से पुरानी सभ्यता और कोई नहीं। बर्ष प्रतिपदा स्वयं यह बताती है कि वह आज ही का दिन था, जब ब्रह्मा जी द्वारा ब्रह्मांड की सृष्टि की शुरुआत की गई थी। क्योंकि इसी दिन सृष्टि अस्तित्व में आई तो सतयुग की शुरुआत भी वर्ष प्रतिपदा से ही मानी जाती है। वह आज ही का दिन था जब श्री हरि विष्णु जी ने प्रलय के दौरान मत्स्य अवतार लेकर प्रकृति के बीजों का संरक्षण व संवर्धन किया था। यही वह दिन है जब श्री राम ने त्रेता युग में वानर राज बालि का वध किया था।

और भी बहुत सारे शास्त्रीय, पौराणिक, वैदिक, धार्मिक एवं ऐतिहासिक प्रसंग हैं, जो वर्ष प्रतिपदा को प्रमाणिकता प्रदान करते हैं। साथ में यह प्रतिपादित भी करते हैं कि भारतीय संस्कृति का वास्तविक स्वरूप सनातन ही है। जो सृष्टि के प्राकट्य के साथ ही अस्तित्व में थी, वर्तमान में है और भविष्य में सदैव बनी रहेगी। हर भारतीय को इस त्यौहार पर गर्व करना चाहिए। देश विदेश में भारतीय संस्कृति का परचम लहराने वाले सभी सनातनी हिंदुओं अर्थात भारतीयों को वर्ष प्रतिपदा की ढेर सारी बधाइयां और हार्दिक शुभकामनाएं।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार**

## शब्द पहेली - 8321



### बाएँ से दाएँ

1. भगवान, ईश्वर,रब-7
6. रुपये का सोलहवां भाग-2
7. मध्यप्रदेश का एक भाग-3
8. मूल्य,कीमत,दर-2
10. जी,इच्छा,चित-2
11. नलका,टोंटी-2
13. बारीक,सूक्ष्म-3
14. रेखा,लाइन-3
15. रग,नाड़ी-2
17. अधिकार -2
18. वध,कत्ल,मर्डर-2
20. दौड़ने वाला,धावक (अंग्रेजी-3)
21. एक आंख वाला-2
22. निंदा करना,प्रतिष्ठा खंडित करना-4,3

### ऊपर से नीचे

2. निर्माण,बनाना-3
3. एक संगीतकार-4
4. गाड़ी चलानेवाला-4
5. नखरा-2
6. आरामदेय-5
9. इच्छा पूरी करना-2,3
10. चिंतन-3
12. उत्साह,जिज्ञासा-3
16. हद,सीमा,बार्डर-4
17. हमेशा,सदैव-4
19. बलिदान,परित्याग, विरक्ति-2
21. नास्तिक (उर्दू-2)


### शब्द पहेली-8320 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ही | ■ | का | ■ | म | ■ | ह | क |
| ला | ■ | सा | या | ■ | य | श | ■ | हा |
| म | त | ली | ■ | सां | ■ | क | ल | र |
| ■ | ल | ■ | च | प | ल | ■ | ह | ■ |
| घ | ब | रा | ना | ■ | च | प | ल | ता |
| ■ | गा | ■ | ब | हा | र | ■ | हा | ■ |
| भ | र | म | ■ | नि | ■ | प | ना | ह |
| ला | ■ | द | ल | ■ | क | द | ■ | बे |
| ई | ख | ■ | म्हा | ■ | ली | ■ | डा | ली |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**30 मार्च 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 06.43 बजे से |
| चंद्र | मीन में | वृष | 08.23 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | मिथुन | 10.21 बजे से |
| बुध | मीन में | कर्क | 12.34 बजे से |
| गुरु | वृष में | सिंह | 14.50 बजे से |
| शुक्र | मीन में | कन्या | 17.02 बजे से |
| शनि | मीन में | तुला | 19.13 बजे से |
| राहु | मीन में | वृश्चिक | 21.28 ब.से |
| केतु | कन्या में | धनु | 23.44 बजे से |
| राहुकाल | | मकर | 01.49 बजे से |
| 4.30 से 6.00 | | कुंभ | 03.35 बजे से |
| बजे तक | | मीन | 05.08 बजे से |

**रविवार** 2025 वर्ष का 89 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** बसंत। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** चैत्र (दक्षिण भारत में फाल्गुन) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** प्रतिपदा 12.50 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** रेवती 16.35 बजे को समाप्त। **योग** इन्द्र 17.54 बजे को समाप्त। **करण** बव 12.50 बजे तदनन्तर बालव 23.00 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 0.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 03° 47' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872299 **जूलियन दिन** 2460764.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** रमजान **तारीख** 29 **विशेष** चंद्र दर्शन, चैत्र नवरात्रि, गुडी पडवा, उगादी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से | 07.23 बजे तक | शुभ | 05.36 से | 07.09 बजे तक |
| चर | 07.23 से | 08.51 बजे तक | अमृत | 07.09 से | 08.41 बजे तक |
| लाभ | 08.51 से | 10.18 बजे तक | चर | 08.41 से | 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.18 से | 11.46 बजे तक | रोग | 10.14 से | 11.46 बजे तक |
| काल | 11.46 से | 01.14 बजे तक | काल | 11.46 से | 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.14 से | 02.41 बजे तक | लाभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.41 से | 04.09 बजे तक | उद्वेग | 02.51 से | 04.24 बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से | 05.36 बजे तक | शुभ | 04.24 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ-** **शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## यूज इन शॉर्ट



### राज्य स्तरीय सेपक टकरा प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

शहडोल - दसवीं राज्य स्तरीय सेपकटकरा ओपन प्रतियोगिता शुभारंभ आज विचारपुर के बालक क्रीड़ा परिसर शहडोल में किया गया। 28 से 30 मार्च तक आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय सेपकटकरा ओपन प्रतियोगिता में प्रदेश के 25 जिले से 370 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे है। चयनित खिलाड़ियों को आगामी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में सम्मिलित किया जायेगा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रामजी वास्तव, प्रतीक केशरवानी, सहायक संचालक खेल रईस अहमद,सबदर हुसैन बोहरा सहित अन्य रेफरी, प्रशिक्षक व खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

### सूर्योपासना कार्यक्रम आज

शहडोल / विक्रमोत्सव- 2025 के अन्तर्गत सृष्टि आरंभ दिवस, वर्ष प्रतिपदा, विक्रम संवत 2082 के शुभारंभ अवसर पर 30 मार्च 2025 को प्रातः 10:00 बजे से संभागीय मुख्यालय शहडोल के मानस भवन में ''सूर्योपासना कार्यक्रम'' आयोजित किया जाएगा है। जिसमें ''सम्राट विक्रमादित्य'' की नाट्य प्रस्तुति दी जाएगी। इस अवसर पर ब्रह्म ध्वज का बंधन होगा।



### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत दूधी में जन चौपाल का किया गया आयोजन

शहडोल। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत दूधी में रात्रिकालीन सामुदायिक जनचौपाल का आयोजन किया गया। जनचौपाल में जन अभियान परिषद के जिला समन्वय विवेक पांडेय ने पानी के महत्व को बताया तथा जनचौपाल में पानी को लेकर ग्रामीणों से संवाद हुआ। पानी को भविष्य की चुनौती और जलस्रोतों के संरक्षण के बारे में भी बताया गया। चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### शादी का झांसा देकर दुष्कृत करने का आरोपी गिरफ्तार

ब्यौहारी फरियादिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज करायी कि रवि कुशवाहा पिता रामसजीवन कुशवाहा निवासी कछियान मोहल्ला ब्यौहारी जिससे मेरी जान पहचान हो गई थी, जो मेरे साथ शादी का झांसा देकर पहली बार गलत काम (दुष्कर्म) मार्च 2019 मे किया था इसके बाद से लगातार मेरे से गलत काम (दुष्कर्म) किया है, जब मेरे द्वारा शादी के लिये बोला गया तो शादी करने से मना करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। जिस पर थाना ब्यौहारी में दुष्कर्म एवं एससी/एसटी की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी की लगातार पता तलाश कर आरोपी रवि कुशवाहा पिता रामसजीवन कुशवाहा उम्र 34 वर्ष निवासी कछियान मोहल्ला ब्यौहारी को गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय पेश किया गया जिसे माननीय न्यायालय के आदेश से जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही थाना प्रभारी ब्यौहारी निरीक्षक अरूण कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में की गई

### 02 स्थाई वारंटी गिरफ्तार

शहडोल। अमलाई पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रांतर्गत 04 साल से फरार स्थाई वारंटी क्रमशः रामसिंह पाव पिता स्व0 गोविन्द सिंह पाव उम्र 26 वर्ष एवं धनसिंह पाव पिता स्व0 गोविन्द सिंह पाव उम्र 32 वर्ष दोनों निवासी बटुरा को को गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय पेश किया गया।आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी अमलाई के नेतृत्व में सउनि0 करतार सिंह,गुलाब सिंह एवं तीरथ की सराहनीय भूमिका रही।

प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ला मिनी ब्राजील गए , पर मरीजों का हाल भी देख लेते तो ...?

# मेडिकल कालेज और फुटबालरों के कब मिटेंगे दुर्दिन ?

**विजय मत, शहडोल।**

यह बड़े सौभाग्य की बात है की राजेंद्र शुक्ला जी शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री के साथ ही प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री और उप मुख्यमंत्री भी हैं।इसलिए यहां के नागरिकों को उम्मीद रहती है कि जिले की स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर से बेहतर हो जाएं।इसके अलावा आवागमन के लिए सड़क अच्छी हो। मिनी ब्राजील के रूप में विश्व में लोकप्रिय विचारपुर के राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ियों के लिए अच्छी से अच्छी सुविधाएं प्राप्त हो। छह माह में प्रभारी मंत्री के रूप में राजेंद्र शुक्ला जी तीन बार शहडोल आ कर चले गए पर मेडिकल कॉलेज के हालात जस के तस हैं।मरीजों को सोनो ग्राफी के लिए 6 किलोमीटर दूर जिला अस्पताल जाना पड़ता है।






### हार्ट न्यूरो किडनी जैसी गंभीर बीमारियों का इलाज नहीं

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में 500 करोड़ से अधिक की लागत से बनाए गए शहडोल मेडिकल कॉलेज के हालात यह है कि गंभीर मरीजों को रेफर कर दिया जाता है। हॉर्ट न्यूरो किडनी जैसी गंभीर बीमारियों का तो इलाज ही नहीं होता। डेढ़ दर्जन सोनोग्राफी मशीन की उपलब्धता के बावजूद मरीज को सोनोग्राफी के लिए भटकना पड़ता है।

### गर्भवती महिलाओं को भेज दिया जाता है जिला अस्पताल

मेडिकल कॉलेज से गर्भवती माता को डिलीवरी के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया जाता है। इसी तरह अनेक मरीजों को सिर्फ रेफर करने का काम किया जाता है। स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला से यहां के नागरिकों की अपेक्षा है कि शहडोल मेडिकल कॉलेज में चिकित्सा की सुविधा इतनी बेहतर कर दी जाए कि मरीजों को भटकना न पड़े।

### ब्लड बैंक तक नहीं

इतने बड़े मेडिकल कॉलेज में ब्लड बैंक तक नहीं है जिसके कारण मेडिकल कॉलेज में भर्ती मरीजों के परिजनों को 6 किलोमीटर दूर जिला चिकित्सालय खून लेने के लिए जाना पड़ता है और इतनी दूर से खून लाने पर खून खराब होने का भय बना रहता है। सवाल उठता है कि मेडिकल कॉलेज में आखिर क्यों ब्लड बैंक की स्थापना नहीं हो पा रही है।

### सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की आवश्यकता

यदि शहडोल को विकसित शहडोल की राह पर आगे ले जाना है तो तो बिरसा मुंडा शासकीय मेडिकल कॉलेज शहडोल को सर्व सुविधा युक्त सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बना दिया जाना चाहिए ताकि यहां के गरीब लोगों को जबलपुर रीवा नागपुर या अन्य महानगरों में अपने इलाज के लिए भटकना न पड़े।

### उपमुख्यमंत्री ने कहा था रीवा से ज्यादा शहडोल को किया जाएगा विकसित

पिछली बार उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने शहडोल के एक कार्यक्रम में नागरिकों की भावनाओं का ध्यान रखते हुए आश्वासन दिया था कि रीवा से ज्यादा शहडोल का विकास किया जाएगा और स्वास्थ्य शिक्षा सड़क सिंचाई एवं हर दृष्टि से शहडोल को विकसित किया जाएगा परंतु ऐसा प्रतीत होता है कि मुख्यमंत्री श्री शुक्ला जी अपनी उन बातों को भूल से गए हैं यही कारण है कि शहडोल जिले की बुनियादी आवश्यकताओं के प्रति वे गंभीर नहीं दिख रहे हैं।

## मोटर सायकल से अंग्रेजी शराब की तस्करी के दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**1 लाख की शराब जब्त**

**विजय मत, ब्योहारी।**

ब्यौहारी पुलिस ने नशे के खिलाफ अपनी मुहिम में एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस ने 54 लीटर से अधिक अंग्रेजी शराब की बरामदगी करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक शहडोल के निर्देशन में अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है।

बीती रात को ब्यौहारी पुलिस को एक मुखबिर से सूचना मिली कि राजकुमार पटेल और उसका साथी रामशिरोमणि पटेल भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब लेकर देवलोंद से ब्यौहारी की ओर आ रहे हैं। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी ने एक पुलिस टीम का गठन किया और रीवा रोड न्यायालय के सामने नाकाबंदी की गई। उसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर तीन व्यक्ति ट्राली बैग, पिट्ठू बैग और बोरियों के साथ आते दिखाई दिए। जैसे ही



पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की, एक व्यक्ति गाड़ी से कूदकर भाग निकला। पकड़े गए व्यक्तियों में से एक ने अपना नाम रामशिरोमणि पटेल जबकि दूसरे ने रामदेव पटेल बताया। भागने वाले व्यक्ति का नाम राजकुमार पटेल है।

पुलिस ने बैग और बोरियों की तलाशी ली, जिसमें इम्पीरियल ब्ल्यू के 12 बोतल, 8 [illegible] के 12 बोतल, रायल चैलेंज के 40 पाव और गोवा व्हिस्की के 160 पाव शराब बरामद हुए। कुल मिलाकर, पुलिस ने 54 लीटर अंग्रेजी शराब की बरामदगी की। बाईक सहित कुल मशरूका एक लाख का जप्त किया गया है।

थाना प्रभारी अरुण पांडे ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर कार्यवाही की गई है, जब हमें सूचना मिली तो हमने एक विशेष टीम का गठन किया था इस टीम में उनि कपिल कांत तिवारी, प्र.आर. नरेन्द्र उपाध्याय, आर. संजय द्विवेदी, आर. अमृत यादव, आर. पुष्पेन्द्र सिंह, आर. गंगा सागर गुप्ता, आर. अजीत यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### राजेंद्र शुक्ल का भाजपा ने जयसिंहनगर मे किया स्वागत

शहडोल। शहडोल प्रवास के दौरान रीवा जाते समय विंध्य के विकास पुरुष प्रदेश के उपमुख्यमंत्री शहडोल जिले के पालक मंत्री राजेंद्र शुक्ल का जयसिंहनगर में अरुण गौतम के घर में भाजपा के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के द्वारा बाजे गाजे के साथ पटाखे फोड़ कर गुलदस्ता भेंट किए तथा , माल्यार्पण एवं कमल पट्टिका पहनाकर भाजपा के पदाधिकारियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। स्थानीय एवं क्षेत्रीय समस्याओं के संबंध में निराकरण हेतु माननीय उप मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया जिसमें समस्याओं के त्वरित निराकरण का आश्वासन मंत्री के द्वारा दिया गया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र कुमार शुक्ल एड., अरुण गौतम पूर्व जिला उपाध्यक्ष, सातिका प्रसाद तिवारी जिला उपाध्यक्ष, रामनारायण पांडे पूर्व मंडल अध्यक्ष, राजेश द्विवेदी पूर्व मंडल पूर्व मंडल महामंत्री दीपक प्यासी मनोज द्विवेदी बेनी माधव गुप्ता, नंद चतुर्वेदी सुशील शुक्ला विजय शुक्ला एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में निकली गई स्कूटी रैली



**विजय मत, शहडोल।**

एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा जी के नेतृत्व में स्कूटी रैली का हुआ आयोजन भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने जानकारी देते हुए शनिवार को बताया है कि एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर सर्व समाज की महिलाओं बहनों द्वारा शहडोल नगर के महात्मा गांधी स्टेडियम से स्कूटी रैली का आयोजन किया गया स्कूटी रैली में महिलाओं, बहनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया इस दौरान सभी महिलाओं बहनों ने एक राष्ट्र एक चुनाव का नारा लगाते हुए महात्मा गांधी स्टेडियम से रैली प्रारंभ हुई यह रैली शहडोल नगर के पुराना नगर पालिका, न्यू गांधी चौक, होते हुए बुढार चौक, बगिया बायपास ,लल्लू सिंह चौक, गणेश मंदिर ,गुरु नानक चौक होते हुए जिला महिला समिति में रैली का समापन एक राष्ट्र एक चुनाव के उद्घोष के साथ स्कूटी रैली का समापन किया गया समापन कार्यक्रम के अवसर पर जिला महिला समिति हॉल में भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा जी द्वारा सभी महिलाओं बहनों को एक राष्ट्र एक चुनाव के संबंध में संपूर्ण जानकारी दी गई साथ ही एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर महामहिम राष्ट्रपति जी के नाम प्रस्ताव में हस्ताक्षर कर सभी ने अपनी सहमति दी इस दौरान स्कूटी रैली कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा, जयसिंहनगर क्षेत्र विधायक श्रीमती मनीषा सिंह,राखी शर्मा,निभा गुप्ता ,नीलम चतुर्वेदी, सरिता मिश्रा,बीटा मोर, सुषमा उदानिया,जया कनकने,अंजना उदानियां विनीता सिंह नीति सिंघल ,अर्चना मित्तल ,इंद्रा श्रीवास्तव ,गीता ताम्रकार ,प्रज्ञा श्रीवास्तव ,संगीता दुबे, अरुणिमा सिंह,सोनल भागदेव ,आरती गुप्ता ,अर्चना अग्रवाल भारतीय अमर गुप्ता,प्रियंका त्रिपाठी, अदिति तिवारी, ज्योतिका सिंह, श्वेताजजलि पाठक,ममता जैन सहित अन्य महिलाओं बहनों ने स्कूटी रैली में शामिल होकर एक राष्ट्र एक चुनाव का नारा लगाते हुए स्कूटी रैली कार्यक्रम में हुई शामिल।

## करोड़ो का कारोबार करने वाले व्यापारी कर रहे टैक्स की चोरी

शहडोल शहर सहित जिले भर में हर माह लाखों-करोड़ों का कारोबार होता है, लेकिन व्यापारी आयकर, वाणिज्य कर की चोरी धड़ल्ले से कर रहे हैं। कई ऐसे बड़े प्रतिष्ठान हैं जिनका सालाना लाखों रुपयों का टर्न ओवर होता है, किन्तु व्यवसायी ग्राहकों को पक्के बिल नहीं देते। सरकार द्वारा उठाए गए नोटबंदी के कदम का असर जिले में कहीं होता दिखाई नहीं दे रहा है।

कई ऐसे व्यवसायी हैं जो अपना कारोबार छिपाकर रखते हैं। ऐसे व्यवसायियों का ज्यादातर स्टॉक व माल गोदामों में छिपा कर रखा होता है। हार्डवेयर, लोहा, सरिया सीमेंट, रेडीमेड कपड़ा, साड़ी हाउस, मशीनरी, स्टोर, शराब माफिया कारोबारी, अनाज कारोबार, थोक माल बेचने वाले कारोबारी, वाहन शोरूम, सोना चांदी आदि का लंबा कारोबार करने वाले व्यापारी कर चोरी करने में लगे हुए हैं।आयकर के रूप में सरकारी अधिकारियों-कर्मचारियों के वेतन से हर साल औपचारिक रूप से कटौती तो हो जाती है, लेकिन ऊपरी कमाई से जमा की गई अकूत संपत्ति पर कोई कार्रवाई नहीं हो पाती है। आखिर क्या वजह है कि आयकर अधिकारी इस मामले में खामोश बने रहते हैं।

शहडोल जिले में बीते कुछ सालों और महीनों से शहडोल जिले में टैक्स चोरी और टैक्स चोरों के घर मे आयकर से लेकर टैक्स के अलग-अलग विभागों की दबिश हुई है हाल ही में संदीप जैन, केशर सिंह, बबलू भगत,और तत्काल में नेताजी शामिल हैं। नेता जी किराना स्टोर में बीते दिनों से विभाग ने डेरा डाल रखा है।

## स्टॉल के साथ गमझा और मॉस्क की भी हो रही खरीददारी



**विजय मत, शहडोल।**

मार्च महीने में बेमौसम बारिश, बूंदाबांदी के बाद अब मौसम अब एकदम साफ हो चुका है। गर्मी से आंख-मिचौली करते हुए अब लोग देखे जा रहे हैं। धीरे-धीरे मार्च महीने के अंतिम सप्ताह में गर्मी ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। अचानक से बढ़ी चिलचिलाती धूप ने लोगों की परेशानी भी बढ़ा दी है। तेज धूप के चलते सड़कों पर चलने वाले राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में लोग गर्मी से बचने के लिए हर तरह के उपाय आजमां रहे है। सन लाइट से फेश न खराब हो इससे बचने के जुगत में युवक युवती देखे जा रहे हैं। मार्केट में चश्मे और रंग-बिरंगी टोपियों से पूरा बाजार पट गया है। यहां गर्मी से बचाव और निजात दिलाने के लिए बच्चों से लेकर बुजुर्गों के लिए टोपी-गमछा भी मौजूद है।

शहडोल नगर के गांधी चौक, कलेक्टर बंगला के बगल में, बुढार रोड, बायपास तिराहा सहित अन्य बड़े चौराहे पर लगी चश्में और टोपी की दुकानों में ग्राहक खूब खरीदारी करते नजर आ रहे हैं। राहगीर चिलचिलाती धूप से बचने के लिए चश्में, टोपी और अंगौछे का सहारा ले रहे हैं। वहीं, चश्मा और टोपी बेचने वालों की दुकानों में खरीददारों की लाइन लगी हुई है।

## गांधी स्टेडियम में एक्सरसाइज की कई मशीन हो गई खराब







**विजय मत, शहडोल।**

महात्मा गांधी स्टेडियम में एक्सरसाइज करने के लिए लगाई गई जिम की कई मशीन इन दोनों खराब हो गई है जिसके का सुबह शाम स्टेडियम पहुंचकर अपनी सेहत सुधारने वाले लोगों को परेशानी हो रही है। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी से नागरिकों है आग्रह किया है कि जिम्मेदार कर्मचारियों को भेज कर निरीक्षण कराया जाए और टूटे-फूटे जिम मशीनों की मरम्मत कराई जाए। स्टेडियम में संगीत की धुन से सुबह शाम खेलने वाले एवं टहलने वाले लोगों का मनोरंजन कराया जाता था परंतु इन दोनों संगीत की धुन सुनाई नहीं दे रही है एवं कुछ ट्री गार्ड जिसमें साउंड बॉक्स लगे थे वह भी उखड़े पड़े हैं इसलिए इस तरफ भी नगर पालिका प्रशासन को ध्यान देना चाहिए। इसके अलावा स्टेडियम में स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत साफ सफाई भी कराए जाने की जरूरत महसूस की जा रही है। स्मरणीय है कि सुबह शाम बड़ी संख्या में महिला पुरुष युवा युवती बच्चे वृद्ध सभी आयु वर्ग के लोग गांधी स्टेडियम पहुंचते हैं और अपनी सेहत सुधारने का काम करते हैं। क्रिकेट फुटबॉल बास्केटबॉल बैडमिंटन एवं अन्य खेलों के भी खिलाड़ी नियमित अभ्यास इसी स्टेडियम में करते रहते हैं।

**बैठक** महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को दिलाए बेहतर चिकित्सकीय शिक्षा –उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल

# बस स्टैंड से मेडिकल कॉलेज तक के मार्ग का तेजी से कराएं चौड़ीकारण- उप मुख्यमंत्री

### शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ मरीजों को दिलाएं

**विजय मत, शहडोल।**

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल की उपस्थिति में शुक्रवार को बिरसा मुंडा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल में सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने डीन मेडिकल कॉलेज डॉ गिरीश बी रामटेके को निर्देश दिए हैं कि बिरसा मुंडा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल में अध्यनरत विद्यार्थियों को बेहतर से बेहतर चिकित्सकीय शिक्षा दिलाना सुनिश्चित करें, जिससे

विद्यार्थी बेहतर चिकित्सकीय शिक्षा प्राप्त कर अच्छे चिकित्सक बन सके।

बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने शहडोल संभाग के शहडोल,अनूपपुर एवं उमरिया जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों से निरोगी काया अभियान की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत डोर टू डोर जाकर लोगों का ब्लड प्रेशर, शुगर, डायबिटीज एवं अन्य बीमारियों की जांच की जानी थी। उप मुख्यमंत्री ने एमएमआर एवं आईएमआर की भी जानकारी ली।





उन्होंने निर्देश दिए की गर्भवती महिलाओं का शत प्रतिशत पंजीयन कराया जाए तथा समय-समय पर महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की जाए। उन्होंने कहा कि सीएमएचओ एवं बीएमओ इस कार्य को प्राथमिकता से लें तथा गर्भवती महिलाओं की समय-समय पर जांच करने हेतु मैदानी अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित करें तथा वरिष्ठ अधिकारी मॉनिटरिंग भी करें।

बैठक में उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संभागीय मुख्यालय शहडोल के बस स्टैंड से बिरसा मुंडा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय तक के मार्ग का चौड़ीकरण का कार्य तेजी पूर्ण कराए जिससे आने जाने वाले वाहन सुगमता के साथ और मरीज समय पर मेडिकल कॉलेज तक पहुंचकर अपना इलाज करा सकें। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने मरीजों को मेडिकल कॉलेज में दी जा रही सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने महाविद्यालय में मरीजों को मिलने वाली आयुष्मान भारत योजना, जननी सुरक्षा योजना, परिवार कल्याण कार्यक्रम एवं प्रसूति सहायता योजना की जानकारी ली तथा निर्देश दिए कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित प्रत्येक योजना का लाभ मरीजों को दिलाना सुनिश्चित करें। बैठक में विधायक श्रीमती मनीषा सिंह, जयसिंह मरावी, शरद कोल, कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता, कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री राम जी श्रीवास्तव, समाजसेवी श्रीमती अमिता चपरा, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री विवेक पांडे सहित बिरसा मुंडा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के चिकित्सक उपस्थित थे।

## न्यूज इन शॉर्ट




### शान्ति समिति की बैठक में शांति सौहार्द्र से त्योहार मनाने पर सहमति

अनूपपुर। जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर अनूपपुर हर्षल पंचोली एवं पुलिस अधीक्षक मोती मोती उर रहमान के निर्देशन में शनिवार को थाना कोतवाली में आगामी चेट्री चंड्र उत्सव, गुड़ी पड़वा, ईद उल फितर, श्रीराम नवमी एवं श्री हनुमान जन्मोत्सव को शान्ति पूर्व मनाए जाने शान्ति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। शान्ति समिति की बैठक में एसडीओपी सुमित केरकेट्टा, तहसीलदार अनुपम पांडेय, टीआई अरविन्द जैन, सीएमओ नपा भूपेन्द्र सिहं, जेई अनूपपुर मनीष जोशी, आशीष त्रिपाठी, सियाराम राठौर, सदर लियाकत अली, पूर्व सदर मोहम्मद सलीम, करतार सिहं केवलानी, तेजू भोजवानी, राकेश अग्रवाल, राहुल अग्रहरि, बृजेश राठौर सहित अन्य गणमान्य शामिल हुए। जहां सभी ने शांति सौहार्द्र व भाईचारे के साथ त्योहार मनाने पर सहमति दी।

### ईद में सेवइयां के साथ दूसरे पकवान भी होंगे ख़ास

कोतमा। शुक्रवार को रमजान माह के अंतिम शुक्रवार को अलविदा जुमा की नमाज के रूप में अदा कर क्षेत्रवासी ईद की तैयारियों में जुट गए हैं। इस दौरान अलविदा जुमा की नमाज सभी मस्जिदों में शांति के साथ संपन्न हो गई। थाना प्रभारी सुंद्रेश सिंह पूरी टीम लगातार भ्रमण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था पर मुस्तैद रही। नगर के बाजार जामा मस्जिद, विकास नगर मस्जिद, बनिया टोला, लहसुई, गोविंदा सहित ग्रामीण अंचलों की मस्जिद में भारी संख्या में लोगों ने नमाज अदा की। वहीं ईद उल फितर की आहट के साथ ही नगर के बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई है। साप्ताहिक बाजार सहित ईद की तैयारी को लेकर बाजार में रौनक देखी जा रही है। मुस्लिम समुदाय के लोग तेज गर्मी और धूप की परवाह किए बिना दिन से ही खरीदी के लिए निकल रहे हैं। महिलाएं, पुरुष, बच्चों सहित परिवार के लिए नए कपड़े खरीद रहे हैं। ईद की तैयारी में सेवई, ड्राय फ्रूट्स सहित अन्य खाद्य सामग्री की भी तैयारी जोरों से की जा रही है। महिलाएं खरीदी के साथ घर में तरह-तरह के व्यंजन बनाने के लिए भी जरूरी तैयारी करते देखी जा रही हैं। सुरैया आरफीन ने बताया कि ईद में लोग एक दूसरे को घर बुलाते हैं और मीठी सेवइयां के साथ अन्य लजीज व्यंजन परोस ईद की बधाई देते हैं। बधाइयां देते हुए खुशी भी मनाई जाती है। ईद के लिए हमने नए कपड़ों की खरीदी कर लिए हैं। विशेष व्यंजन बनाने की तैयारी है। वहीं नेहा आबदीन बतातीं हैं कि त्योहार के लिए परिवार जनों सहित अन्य लोगों को आमंत्रण देना शुरू कर दिया है। ईद को लेकर पूरे परिवार में अच्छा खासा उत्साह बना हुआ है। ईद के दिन विशेष सेवईयां और अन्य मिठाइयां भी बनाने की तैयारी है, जिसकी सामग्री को जुटाने का काम चल रहा है। ईद के दिन सभी नए कपड़े पहनेंगे। विशेष कर बच्चों में ईद को लेकर अच्छा खासा उमंग रहता है। नाहिद अख्तर का कहना है कि मुस्लिम परिवार में ईद का दिन बहुत ज्यादा खास होता है। रमजान के पूरे महीने के रोजे के बाद इस दिन का बेसब्री से इंतजार रहता है।

### नशे की हालत में सड़क पर दौड़ रहा था ट्रेलर व ट्रक, एमवी एक्ट में मामला दर्ज

अनूपपुर। चौकी सरई थाना करनपठार ने 28 मार्च की रात वाहन चैकिंग के दौरान ट्रेलर ट्रक क्रमांक सीजी 04 वायए 8431 के चालक 42 वर्षीय उमेश कुमार गौतम पिता स्व. राम बचन गौतम निवासी ग्राम मुगलपुरा थाना पीपराईच जिला गोरखपुर (यूपी), एवं ट्रक क्रमांक यूपी 70 जीटी 5872 के चालक 34 वर्षीय सुबेदार सिंह पिता राजबहोर सिंह निवासी त्यौथर जिला रीवा (मप्र.) के विरूद्व शराब पीकर वाहन चलाने पर धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई, जहां पुलिस ने दोनों ट्रको को जब्त करते हुए चालकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थाना प्रभारी पीसी कोल के नेतृत्व में उप निरीक्षक मंगला प्रसाद दुबे एवं चौकी प्रभारी सरई ने बताया कि वाहन चालको द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने की शिकायत पर वाहन चैकिंग के दौरान ट्रेलर ट्रक क्रमांक सीजी 04 वायए 8431 के चालक और ट्रक क्रमांक यूपी 70 जीटी 5872 के चालक को शराब पीकर वाहन चलाते पाए जाने पर धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई की गई है। दोनो वाहनो को जप्त कर चौकी परिसर खड़ा कराया गया है। जिसे प्रकरण को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### चेक बाउंस के फरार गिरफ्तारी वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, न्यायालय में पेश

अनूपपुर। रामनगर थाना पुलिस ने चेक बाउंस के मामले में फरार चल रहे गिरफ्तारी वारंटी को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय पेश किया है। थाना प्रभारी सुमित कौशिक ने बताया कि न्यायालय में विचाराधीन विभिन्न आपराधिक प्रकरणों में चल रहें फरार वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश करने दिए निर्देशित में 29 मार्च को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोतमा जिला अनूपपुर द्वारा जारी प्रकरण क्रमांक 54/23 धारा 138 पार.लि.अधि. के गिरफ्तार वारंटी 46 वर्षीय राज कुमार कोल पिता फक्कर कोल निवासी कपिलधारा कॉलोनी बिजुरी को गिरफ्तार कर न्यायालय कोतमा में पेश किया है।

### घर से बिना बताए किशोरी हुई गुम

अनूपपुर। बिजुरी पुलिस ने अपह्त किशोरी को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया है। थाना प्रभारी विकास सिंह ने बताया कि 22 मार्च को फरियादिया दुर्गा कोल पति शंभू कोल उम्र 45 वर्ष निवासी गलैयाटोला ने थाना में रिपोर्ट किया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री घर से बिना बताए कहीं चली गई है।

---

**देवी मंदिरों के साथ पंडालों में विराजेगी आदिशक्ति माता, चैत्र नवरात्र आज से आरंभ**

# हाथी पर सवार होकर आएगी मां दुर्गा, भक्तों की इच्छाएं होगी पूर्ण

**विजय मत, अनूपपुर/कोतमा।**

चैत्र नवरात्रि 30 मार्च से आरंभ हो रही है जो 6 अप्रैल को रामनवमी के साथ समाप्त होगी। इस बार चैत्र नवरात्र नौ नहीं बल्कि आठ दिनों की होगी। जिसमें मां आदिशक्ति के विभिन्न स्वरूपों की पूजा अर्जना की जाएगी। नवरात्रि में घटस्थापना 30 मार्च रविवार को होगी और रामनवमी 6 अप्रैल यानी रविवार को ही समापन होगा। इसलिए इस बार मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर आएंगी और 7 अप्रैल को हाथी पर सवार होकर ही वापस जाएंगी। ऐसा माना जाता है कि यह रूप भक्तों की सभी इच्छाएं पूरी करता है। चैत्र नवरात्रि के पहले दिन कई शुभ योग बन रहे हैं और इस वक्त घटस्थापना बहुत शुभ फल देने वाली मानी जा रही है। वहीं चैत्र नवरात्रि के पहले दिन से ही हिंदू नववर्ष का आरंभ माना जाता है। चैत्र नवरात्रि पर्व को लेकर नगर के मंदिरों देवी मढियों एवं चौरा में मंदिर समितियां के द्वारा तैयारी भी शुरू कर दी गई है। मंदिरों के रंग





रोगन का कार्य सम्पन्न हो गया और माता की चौकी की तैयारियां शुरू हो गई है। मंदिरों को जगमग झालर की रोशनी से सजाया जा रहा है। अनूपपुर में जहां देवी मढिया मंदिर, रामजानकी मंदिर, खेरमाई मंदिर, ठाकुर बाबा धाम, सहित अन्य मंदिरों की साजसज्जा की जा रही है। वहीं कोतमा नगर के ठाकुर बाबा धाम पंचायती मंदिर, शारदा काली मंदिर, बूढी दाई मंदिर, धर्मशाला मंदिर, गोहंड्रा स्थित काली मंदिर, गोविंदा कॉलोनी दुर्गा मंदिर, लहसुई कैंप संतोषी मंदिर में तैयारी माता के स्वागत के लिए तैयार है।

### पूजा सर्वार्थ सिद्धि योग में

पंडित अमन पांडेय के अनुसार चैत्र नवरात्रि में कलश स्थापना 29 मार्च को होगी। इस बार मां जगदंबे की पूजा सर्वार्थ सिद्धि योग में होगी। शाम 4 बजकर 32 मिनट पर प्रतिपदा तिथि शुरू हो रही है और यह तिथि 30 मार्च की दोपहर 12 बजकर 45 मिनट तक रहेगी। पूजा का शुभ समय 29 मार्च की शाम से शुरू हो जाएगा और जो कि 30 मार्च को दोपहर 12 बजकर 45 मिनट तक रहेगा। इसलिए 30 मार्च की दोपहर तक कलश स्थापना किया जा सकेगा। इस वर्ष सर्वार्थसिद्धि योग और रवि योग का संयोग बन रहा है। खास बात यह है कि महापर्व के दौरान चार दिन रवि योग तथा तीन दिन सर्वार्थसिद्धि योग का संयोग रहेगा। यानी ये पूरा समय पूजा-पाठ और शुभ कामों के लिए अच्छा है। इन योगों में किए गए काम सफल होते हैं।

### कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त

कलश स्थापना के लिए शुभ समय सुबह 6 बजकर 13 मिनट से 10 बजकर 22 मिनट तक होगी। इसके अलावा दोपहर 12 बजकर 1 मिनट से 12 बजकर 50 मिनट तक अभिजीत मुहूर्त भी है। इन दोनों मुहूर्तों में कलश स्थापना करना मनोवांछित फल प्रदान करने वाला माना जाता है और आपको मां भगवती का आशीर्वाद प्राप्त होगा।

---

# शोभायात्रा निकाल धूमधाम से मनाई गई झूलेलाल जयंती

**सिंधी समाज के आराध्य देव की शोभायात्रा में शामिल हुए नगरवासी, सुरक्षा में पुलिस रही तैनात**

**विजय मत, अनूपपुर/कोतमा।**

सिंधी समाज के आराध्य देव भगवान झूलेलाल जयंती शनिवार को जिलेभर में परंपरागत ढंग से धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर जिला मुख्यालय अनूपपुर व कोतमा में सुबह से समाज के लोगों में उत्साह बना रहा। जिला मुख्यालय अनूपपुर में झूलेलाल जयंती के अवसर पर वाहन रैली का आयोजन किया गया, वहीं जयंती के उपलक्ष्य में चेती चंद्रके मौके पर कई धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम भी आयोजित हुए। सुबह भारतीय सिंधु सभा के देखरेख में निकाली गई वाहन रैली सिंधी धर्मशाला से शुरू हुई और रेलवे स्टेशन होते हुए आदर्श मार्ग बस स्टैंड सब्जी मंडी हनुमान मंदिर होते हुए सिंधी धर्मशाला में वापस लौटते हुए समाप्त हुई। रैली में बैंड-बाजों पर झूलेलाल के भजन बज रहे थे। समाज के अध्यक्ष और वरिष्ठजन भी बाइक में सवार थे। महिलाएं, पुरुष और युवा भी अपने वाहनों में कतारबद्ध होकर रैली में शामिल हुए। यहां महिलाएं भी स्कूटर लेकर यात्रा में शामिल हुईं।





### पवित्र जल में अखंड ज्योति विसर्जित कर कार्यक्रम का हुआ समापन

वहीं कोतमा नगर में सिंधी समाज ने भगवान झूले लाल की जयंती पर आजाद चौक के पास स्थित गुरुद्वारा से शोभायात्रा शुरू की गई जो नगर के प्रमुख मार्गो में निकाली गई। बैंडबाजे के साथ निकाली गई शोभायात्रा में भगवान झूले लाल की आकर्षक झांकी सजाई गई थी। सबसे आगे रथ पर भगवान झूलेलाल की अखंड ज्योति चल रही थी। वहीं श्रद्धालु नाचते-गाते और अपने आराध्य देव के जय-जयकार करते चल रहे थे। श्रद्धालुओं ने बैंडबाजे की धुन पर डांडिया भी खेला और जमकर नृत्य करते हुए भजन-कीर्तन भी किया। दोपहर से शाम तक भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें सभी धर्मो के लोगों ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। शोभायात्रा का समापन गुरूद्वारा में हुआ, यहां भजन-कीर्तन के बाद सभी ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। और अंत में कार्यक्रम का समापन भगवान झूले लाल की अखंड ज्योति को पवित्र जल में विसर्जित कर किया गया। जयंती के अवसर पर शोभायात्रा में सिंधी समाज के युवा, बुजुर्ग महिलाएं एवं बच्चे भारी संख्या में शामिल हुए।

---

## अध्यक्ष व सदस्य सहित यूनियन लिफ्टरों और कमेटी पदाधिकारियों की छवि कर रहे खराब

**संघ सचिव ने रामनगर थाना में दर्ज कराई शिकायत**

**विजय मत, अनूपपुर।**

रामनगर थाना में 27 मार्च को लोकल क्षत्रिय ट्रक मालिक संघ डोला कोतमा के सचिव रामपाल तिवारी सहित अध्यक्ष राजेश रजक(पिंटू) ने संघ के अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा आए दिन यूनियन के द्वारा लिफ्टरों एवं कमेटी के कुछ पदाधिकारियों की छवि खराब करने का प्रयास का आरोप लगाते हुए शिकायत पत्र सौंपा है। जिसमें सम्बंधित व्यक्तियों के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की मांग की गई है। लोकल क्षत्रिय ट्रक मालिक संघ डोला कोतमा द्वारा सौंपे गए शिकायती पत्र में बताया गया है कि जब से 10 सितंबर 2024 सोसाइटी का रजिस्ट्रीकरण हुआ है, इसके कुछ दिन बाद ही अध्यक्ष द्वारा कमेटी के कुछ सदस्यों में फूट डालकर इनके द्वारा यूनियन के नाम पर रसीद छपवा कर क्षेत्र के मोटर मालिकों के ट्रकों से अवैध रूप से पैसों की वसूली की जा रही है। जानकारी लगने पर विरोध जताकर बंद करवा दिया था। कुछ लिफ्ट(एमपी) रोड में काम कर रहे हैं वो जो यूनियन का तय भाड़ा था नहीं देते थे। और बोलते थे कि मेरी बात हो गई है। इस पर मेरे द्वारा यह कहा गया कि भाड़ा सभी को एक समान देना होगा। जिसके चलते मेरे खिलाफ कुछ सदस्यों से मिल साजिश कर बिना रजिस्ट्रेशन कॉपी बायलॉज के बिना ही अपने ही लेटर पैड में मिलजुल कर गठन कर मुझे फसाने का काम कर रहे थे। इनके द्वारा कुछ लिफ़्टरों को यूनियन का क्षेत्र के माइंसों में काम कर रहे डियो होल्डर/ लिफ्टरों से सांठ गांठकर खासकर (एमपी) रोड में कुछ लिफ्टरों को नजर अंदाज कर कुछ लोगों को भाड़ा के नाम पर परेशान किया जा रहा है। वैसे ही सीजी में काम कर रहे डियो एवं लिफ्टरो के साथ भी ऐसे ही कारनामे कर रहे हैं। जिसके चलते पूरे क्षेत्र में मोटर मालिक परेशान हैं। भाड़ा दिनों दिन गिरता जा रहा है। जिसका कुछ लोग विरोध किए थे, तो इन्हीं सदस्यों के साथ मिलकर उनके खिलाफ कार्रवाई कर बाहर कर दिए हैं।

---

## सांई मंदिर चचाई की चोरी का फरार आरोपी गिरफ्तार

**विजय मत, अनूपपुर।**

चचाई पुलिस ने साईं मंदिर चोरी के मामले में फरार चल रहे आरोपी 21 वर्षीय गणेश बैगा पिता विजय बैगा निवासी छिरहाई टोला लालपुर थाना बुढार शहडोल को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के पास से पुलिस ने चोरी का सामान साउंड सिस्टम बॉक्स स्टेपलाईजर बगैरह सहित कुल कीमत 11 हजार 500 रुपए का माल बरामद किया है। आरोपी को जेआर पर न्यायालय अनूपपुर पेश किया गया। थाना प्रभारी राकेश उइके ने बताया कि फरियादी राजेश कुमार चतुर्वेदी(पुजारी साई मंदिर) चचाई ने 2 जनवरी को थाना चचाई में रिपोर्ट किया था कि रात 9 बजे मैं साई मंदिर चचाई में पूजा पाठ के बाद चैनल गेट में ताला बंद कर घर चला गया था। सुबह 7 बजे मंदिर आया तो मंदिर का ताला टूटा था। मंदिर के अंदर से सांई भगवान की मूर्ति में लगा चांदी का मुकुट, चांदी की छतरी, पीतल की कृष्ण भगवान, लक्ष्मी, गणेश की छोटी छोटी मूर्ति तथा मंदिर में लगा साउंड सिस्टम बाक्स दो नग व स्टेपलाईजर नहीं था। कोई अज्ञात चोर 40 हजार रूपए की चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर थाना में अज्ञात के खिलाफ धारा 331(4),305(ए) बीएनएस कायम कर जांच आरंभ की गई। 20 जनवरी को आरोपी रंजीत पटेल पिता अशोक पटेल निवासी इमली टोला बुढार के कब्जे से चांदी का मुकुट एवं चांदी की छतरी कीमत 28 हजार रूपए की बरामदगी की गई थी। जबकि आरोपी गणेश बैगा फरार हो गया था।




### चारपहिया वाहन में आए बदमाश मोबाइल लेकर हुए फरार

कोतमा। कोतमा थाना क्षेत्र में चोर व बदमाशों का आतंक बढ़ता जा रहा है। अभी तक दो पहिया वाहन से ही मोबाइल लूटे जाने की घटनाएं सामने आ रही थी, नए मामले में चारपहिया वाहन चालक के द्वारा मोबाइल लेकर फरार हो जाने की घटना सामने आई है। पीड़ित ने चार पहिया वाहन के खिलाफ रिपोर्ट थाना में की है। पुलिस द्वारा तलाश करने पर अभी तक चारपहिया वाहन चालक का पता नहीं चल सका है। बताया जाता है कि नगरपालिका वार्ड क्रमांक 10 निवासी राम सोनी पिता रामरतन सोनी 28 मार्च को पुत्र भरत बाइक की डिग्गी में मोबाइल रखकर मेरे निजी घर से वार्ड क्रमांक 8 दुकान आ रहा था। तभी रास्ते में ब्रेकर होने के कारण मोबाइल बाइक की डिग्गी से गिर गया। जिसे उठाने के लिए मेरा पुत्र जैसे ही पहुंचा कि एक व्यक्ति द्वारा मोबाइल उठाकर चारपहिया वाहन चालक को दे दिया।

## पर्यावरण संरक्षण एक जिम्मेदारी नहीं, आगामी पीढ़ियों के लिए एक उपहार-प्राचार्य

**पांच दिवसीय हरित जीवन, हरित सोच प्रदर्शनी का हुआ समापन**

**विजय मत, कोतमा।**

महाराजा मार्तंड महाविद्यालय में आयोजित पांच दिवसीय हरित जीवन, हरित सोच प्रदर्शनी का समापन सामारोह 28 मार्च को हो गया। प्रदर्शनी का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और विद्यार्थियों को हरित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। समापन समारोह में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनय कुमार सोनवानी ने कहा पर्यावरण संरक्षण केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक उपहार है। हमें अपने जीवन में छोटे-छोटे बदलाव लाकर प्रकृति के संतुलन को बनाए रखना चाहिए, जो कि मानव जीवन के लिए अति आवश्यक है।



डॉ. गिरेन्द्र शर्मा ने कहा इस प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थियों ने पर्यावरण-संवर्धन से जुड़ी विभिन्न तकनीकों और उपायों को न केवल सीखा, बल्कि इन्हें अपने जीवन में अपनाने का संकल्प भी लिया। विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न नवाचारों, पोस्टर, मॉडल और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े शोध कार्यों को प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी के अंतर्गत कचरा प्रबंधन, जल संरक्षण, सौर ऊर्जा, जैव विविधता संरक्षण, पौधारोपण आदि विषयों पर विशेष जानकारी दी गई। विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए। आयोजन में डॉ. प्रवीण कुमार यादव,.डॉ. राजकुमार रैदास,कृति मरावी, श्रीकांत मिश्र सहित अन्य लोग शामिल रहे।

---

**वन्य प्राणी**

**पूर्व से हाथी गांवों में मचा रहा कोहराम, हाथियों के लगातार गांवों में प्रवेश से ग्रामीण परेशान**

# दो और हाथी छत्तीसगढ़ की सीमा लांघने की तैयारी में

**विजय मत, अनूपपुर।**

हाल के दिनों में छत्तीसगढ़ की वनसीमा लांघकर हाथियों का दल लगातार अनूपपुर की वन सीमा में प्रवेश कर रहा है, जहां लम्बे समय तक अस्थायी रहवास बनाते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में प्रवेश कर ग्रामीणों के आवास और फसलों को नुकसान पहुंचा रहा है। जिसके कारण हाल के वर्षो में हाथियों के लगातार प्रवेश और नुकसान से अनूपपुर जिले के ग्रामीण परेशान और त्रस्त हैं। बताया जाता है कि दो और हाथी छत्तीसगढ़ की सीमावर्ती मरवाही जिले के वनक्षेत्र में विचरण कर अनूपपुर जिले के वनक्षेत्र में प्रवेश की तैयारी में हैं। माना जाता है कि ये दोनों चोलना की सीमा से 500 मीटर की दूरी पर स्थित है।





संभावना है कि हाथी देर रात जैतहरी के वनपरिक्षेत्र के चोलना गांव में प्रवेश कर जाएगा। वहीं हाथी गांव में प्रवेश न करें ग्रामीण पूरी रात अपने इलाके से हाथियों को दूर करने में लगे हुए हैं। अगर ऐसा होता है तो जिले में तीन हाथियों का दल मौजूद होगा और इससे ग्रामीणों को अधिक नुकसान उठाना पड़ेगा। क्योंकि वर्तमान में एक हाथी पिछले 10 दिनों से जैतहरी वनपरिक्षेत्र के साथ अनूपपुर वनपरिक्षेत्र में विचरण करते हुए दर्जनों आवास को क्षतिग्रस्त करते हुए और कई किसानों की खेतों में लगी फसल के आहार बनाते हुए नुकसान पहुंचाया है। हालांकि इस हाथी की निगरानी में वनविभाग का अमला मुस्तैद है। लेकिन हाथियों के साथ ग्रामीणों की सुरक्षा में अमला हाथियों को कहीं दूसरी जगह भगाने में असफल है। जिसके कारण हाथी अपनी जरूरतों के अनुसार रहवास को बदल रहा है। वहीं तीन हाथियों की मौजूदगी में वनविभाग की परेशानी के साथ ग्रामीणों को अधिक आर्थिक नुकसान होगा। फिलहाल हाथी मप्र-छग की सीमा पर विचरण कर रहे हैं।

### कई दिनों से गोबरी में एकल हाथी का विचरण जारी

एक दांत वाला एक नर हाथी शुक्रवार को पूरे गोबरी के जंगल में ठहरने बाद शाम 4 बजे जैतहरी-राजेंद्रगाम मुख्य मार्ग से ठाकुर बाबा को पार करते हुए जंगल में स्थित गोबरार नाला पहुंचा। आसपास के जंगल में विचरण करते हुए गोबरी से ठेगरहा, झुरहीतलैया एवं बड़वार नाला पार कर ग्रामपंचायत पगना के बांका गांव में स्थित आसपास के गांवों में विचरण करते हुए सुबह पुनः गोबरी के जंगल पहुंचा है।

### घर से किशोरी हुए लापता, पुलिस ने दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा

अनूपपुर। रामनगर पुलिस ने थाना क्षेत्र से लापता हुई किशोरी को दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा है। थाना प्रभारी सुमित कौशिक ने बताया कि 21 मार्च को सीधी दफाई राजनगर निवासी महिला के द्वारा उसकी 15 वर्ष 10 माह की नाबालिग पुत्री के अचानक घर से लापता हो जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। जहां पुलिस ने धारा 137(2) बीएनएस का पंजीबद्ध किया। खोजबीन के दौरान किशोरी को बिजुरी रेलवे स्टेशन से दस्तयाब कर परिजनों के सूपुर्द किया गया है।

# दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच रोमांचक मुकाबला आज

## पहला मुकाबला दोपहर 3.30 बजे से मेजबान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में आज रविवार को दो मुकाबले खेले जाने हैं, पहला मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला जाना हैं। इस मुकाबले के हाई स्कोरिंग मुकाबला होने की उम्मीद है। यह मैच विशाखापट्टनम के एसीए वीडीसीए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा, जहां बल्लेबाजों को मदद मिलने की संभावना है। दिल्ली ने अपने पहले मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ शानदार जीत दर्ज की थी और अब उसका लक्ष्य अपनी इस लय को बरकरार रखना होगा।

दिल्ली की टीम को केएल राहुल की वापसी से मजबूती मिली है। वहीं, सनराइजर्स हैदराबाद को पहले मैच में धमाकेदार जीत के बाद लखनऊ के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। पिछले मैच में दिल्ली की टीम 211 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 65 रन पर पांच विकेट गंवा चुकी थी, लेकिन आशुतोष शर्मा (31 गेंद में नाबाद 66 रन) और विपराज निगम (39) की शानदार पारियों ने उसे एक विकेट से रोमांचक जीत दिलाई।




### दोनों टीमें इस प्रकार हैं

**सनराइजर्स हैदराबाद**-पैट कमिंस (कप्तान), ट्रेविस हेड, ईशान किशन, हेनरिक क्लासेन, अभिषेक शर्मा, सचिन बेबी, मोहम्मद शमी, एडम जाम्पा, अनिकेत वर्मा, अभिनव मनोहर, राहुल चाहर, ईशान मलिंगा, हर्षल पटेल, कामिंडु मेंडिस, वियान मुल्डर, नितीश कुमार रेड्डी, अथर्व तायडे, ब्रायडन कार्स, सिमरजीत सिंह, जयदेव उनादकट और जीशान अंसारी

**दिल्ली कैपिटल्स**-अक्षर पटेल (कप्तान), केएल राहुल , जेक फेजर-मैकगर्क, करुण नायर, फाफ डु प्लेसिस, डोनोवन फरेरा, अभिषेक पोरेल , ट्रिस्टन स्टब्स , समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, दर्शन नालकंडे, विप्रज निगम, अजय मंडल, मनवंत कुमार, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, मिशेल स्टार्क, टी नटराजन, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, दुष्मंथा चमीरा और कुलदीप यादव

## सुपर संडेः गुवाहाटी में आमने-सामने होंगी सीएसके और आरआर

**नई दिल्ली।** रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में दो मुकाबले खेले जाने हैं। पहला मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) और सनराईज हैदराबाद (एसआरएच) के बीच विशाखापट्टनम में दोपहर 3.30 बजे से खेला जाएगा। वहीं दूसरा मुकाबला चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) और राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के बीच शाम 7.30 बजे से खेला जाएगा। रविवार को दोनो टीमें गुवाहाटी में आमने-सामने होंगी। जहां चेन्नई की कोशिश पिछले मैच की हार से उबरकर जीत की राह पर लौटने की होगी, जबकि राजस्थान रॉयल्स अपनी पहली जीत दर्ज करने के लिए मैदान में उतरेगी।




### दोनों टीमें इस प्रकार हैं

**चेन्नई सुपर किंग्स**-रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धोनी , डेवोन कॉनवे, राहुल त्रिपाठी, शेख रशीद, वंश बेदी (विकेटकीपर), सी आंद्रे सिद्धार्थ, रचिन रवींद्र, रविचंद्रन अश्विन, विजय शंकर, सैम कुरेन, अंशुल कंबोज, दीपक हुडा, जेमी ओवरटन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्ण घोष, रवींद्र जडेजा, शिवम दुबे, खलील अहमद, नूर अहमद, मुकेश चौधरी, गुरजपनीत सिंह, नाथन एलिस, श्रेयस गोपाल, मथीषा पथिराना.

**राजस्थान रॉयल्स**-रियान पराग (कप्तान), संजू सैमसन, शुभम दुबे, शिम्रोन हेटमायर, यशस्वी जयसवाल, ध्रुव जुरेल, नितीश राणा, कुणाल सिंह राठौड़, वैभव सूर्यवंशी, वानिंदु हसरंगा, जोफ्रा आर्चर, अशोक शर्मा, तुषार देशपांडे, फजलहक फारूकी, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, संदीप शर्मा, महेश थीक्षाना, युद्धवीर सिंह.

## राजस्थान रॉयल्स ने संजू की जगह रियान पराग को टीम की कमान सौंपी

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 की शुरुआत 22 मार्च से हुई है। लेकिन राजस्थान रॉयल्स के फैंस के लिए एक बड़ा झटका सामने आया था। टीम के नियमित कप्तान संजू सैमसन शुरुआती तीन मैचों में टीम की अगुवाई नहीं कर रहे है। राजस्थान रॉयल्स ने घोषणा की है कि सैमसन की गैरमौजूदगी में रियान पराग टीम की कप्तानी दी गई है। हालांकि, संजू टीम का हिस्सा बने रहने वाले हैं, और एक बल्लेबाज के रूप में खेलते नजर आ रहे है। राजस्थान रॉयल्स 5 अप्रैल को पंजाब के खिलाफ अपना चौथा मैच खेलेगी। राजस्थान के फैंस को उम्मीद है कि उनके स्टार खिलाड़ी जल्द ही पूरी तरह फिट होकर टीम की बागडोर संभालें।

सैमसन अभी भी अपनी चोट से पूरी तरह नहीं उबरे हैं। इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के दौरान बल्लेबाजी करते समय उनकी उंगली में चोट लग गई थी, इससे उन्हें सर्जरी करानी पड़ी। हालांकि, वह बल्लेबाजी करने के लिए फिट हैं, लेकिन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ने उन्हें अभी विकेटकीपिंग की मंजूरी नहीं दी है। इसकारण टीम को विकेटकीपर के रूप में किसी और खिलाड़ी को मौका देना होगा।

## धोनी को लेकर पठान का पोस्ट, मैं कभी भी नंबर नौ पर बल्लेबाजी करने के पक्ष में नहीं

**मुंबई, एजेंसी**



आरसीबी के खिलाफ चेन्नई की हार को लेकर तमाम तरह के सवाल उठ रहे हैं। इसमें एक सवाल सबसे ज्यादा एमएस धोनी के बैटिंग ऑर्डर को लेकर उठा रहा है। धोनी मैच में नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे। फैंस के साथ-साथ पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने भी इस पर सवाल उठा दिया है। इरफान ने इस लेकर पोस्ट भी किया है। गौरतलब है कि आरसीबी ने 17 साल के बाद चेन्नई सुपरकिंग्स को उसके गढ़ में हराया है। इस हार के बाद सीएसके के फैंस बुरी तरह से भड़के हुए हैं। सभी का कहना है कि धोनी के बैटिंग ऑर्डर में और ऊपर आना चाहिए था।

आरसीबी के खिलाफ मैच में जब शिवम दुबे के आउट होने के बाद मैदान में रविचंद्रन अश्विन आते दिखाई दिए। इससे मैदान में मौजूद दर्शकों को काफी ज्यादा निराशा हुई। दर्शकों के साथ-साथ क्रिकेट एक्सपर्ट्स और पूर्व क्रिकेटर्स ने भी इस लेकर हैरानी जाहिर की है। पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने पोस्ट किया। इरफान ने लिखा, मैं कभी भी धोनी के नंबर नौ पर बल्लेबाजी करने के पक्ष में नहीं हूं। यह बिल्कुल भी टीम के हित में नहीं है। इरफान की इस पोस्ट पर भी खूब बहस हुई है। कमेंट करने वालों में कुछ ने धोनी के फैसले का बचाव किया है। वहीं, कुछ लोगों ने इसके लिए धोनी को जमकर सुनाया भी है।

आरसीबी के खिलाफ मैच में चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाजों का फ्लॉप शो रहा। इस मैंच में चेन्नई के फैन्स को धोनी से काफी उम्मीदें थीं। जब शिवम दुबे 80 के कुल स्कोर पर आउट हुए तब सभी को लग रहा था कि अब धोनी मैदान में उतर कर मैंच का रुख पलट देने वाले है। उस समय जरूरी रन रेट 15 के आसपास था और उम्मीद थी कि धोनी अपनी ताबड़-तोड़ बल्लेबाजी से मैच सीएसके के पक्ष में ला देंगे। इससे थोड़ी देर पहले ही टीवी स्क्रीन पर धोनी नजर भी आए थे, जिसमें वह ग्लव्स लगाए बल्ला हाथ में लिए प्रैक्टिस कर रहे थे। इससे भी लोगों को लगा कि अगला विकेट गिरने पर धोनी ही बैटिंग करने आएंगे।

## रोहित की फिटनेस को बेहतर बना सकता हूंः योगराज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अपने विवादस्पद बयानों के लिए चर्चाओं में रहने वाले पूर्व क्रिकेटर योगराज सिंह ने कहा है कि वह भारतीय टीम के कप्तान रोहित की फिटनेस को बेहतर बना सकते हैं। योगराज ने कह कि रोहित अब 38 साल के हो रहे हैं। ऐसे में मोटापा आता ही है पर वह इस उम्र में भी उनकी फिटनेस को ठीक कर देंगे। कुछ समय पहले रोहित के खराब फार्म को लेकर उनकी आलोचना हो रही थी पर उन्होंने चैम्पियंस ट्रॉफी में अपने प्रदर्शन से सभी को करारा जवाब दिया है। रोहित आईपीएल में भी सबसे सफल कप्तानों में से है और मुंबई इंडियंस ने उनकी कप्तानी में पांच खिताब जीते हैं।



योगराज ने कहा, अगर मुझे भारतीय टीम का कोच बनाया जाता है तो मैं इन्हीं खिलाड़ियों में से एक ऐसी टीम बना दूंगा जिसको हराना किसी भी टीम के लिए संभव नहीं होगा। साथ ही कहा कि एक बार के खराब प्रदर्शन पर ही लोग हमेशा रोहित और विराट कोहली को बाहर करने के लिए कहने लगते हैं पर मेरा कहना है कि आंखिर क्यों बाहर करें? वे बुरे दौर से गुजर रहे हैं पर विश्व के सबसे बेहतर खिलाड़ी हैं। मैं उनके साथ अपने बच्चों की तरह व्यवहार करूंगा और उनसे कहूंगा, मैं तुम्हारे साथ हूं। मैं उनसे कहूंगा, चलो रणजी ट्रॉफी खेलते हैं, या मैं रोहित को 20 किमी दौड़ाऊंगा। कोई भी ऐसा नहीं करता। ये खिलाड़ी हीरे हैं। आप उन्हें बाहर नहीं निकाल सकते। रोहित आजकल आईपीएल खेलने में लगे हैं। इसमें वह पहले मैच में रन नहीं बना पाये। उनकी कप्तानी में मुम्बई ने पांच बार आईपीएल खिताब जीता है।

## बीसीसीआई ने स्पिन गेंदबाजी कोच के लिए आवेदन मांगे

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को स्पिन गेंदबाजी कोच की जरुरत है। बोर्ड ने इसके लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन मांगे हैं। स्पिन गेंदबाजी कोच बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में स्पिन गेंदबाजों को निखारेगा। इस कोच के की जिम्मेदारी पुरुष और महिला भारतीय क्रिकेट टीम के साथ-साथ सभी आयु वर्गों की टीमों में शामिल स्पिनरों को निखारना रहेगा। इस कोच का काम सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में इंडिया ए, अंडर-23, अंडर-19, अंडर-16 और अंडर-15 के साथ-साथ राज्यों टीम टीमों के खिलाड़ियों को भी प्रशिक्षण देना रहेगा।

## सीएसके के प्रशंसक धोनी के अलावा अन्य खिलाड़ियों का भी समर्थन करेंः रायुडू

**चेन्नई, एजेंसी**

पूर्व क्रिकेटर अंबाति रायुडू ने कहा है कि पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के प्रति चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के प्रशंसकों में जो जबरदस्त दीवानगी है। वह समय के साथ ही नुकसान देह साबित होगी क्योंकि प्रशंसक केवल धोनी को ही खेलते हुए देखना चाहते है जबकि अन्य खिलाड़ियों को भी समर्थन की जरुरत होती है। साथ ही कहा कि आने वाले समय में इससे टीम के लिए कठिनाई आ सकती है क्योंकि टीम हमेशा एक खिलाड़ी के ही आस-पास घूम रही है।



रायुडू ने कहा, 'यह किसी नए बल्लेबाज के लिए ये कठिन स्थिति होती है। दर्शकों का समर्थन सबसे अहम होता है पर जब आप खेलने के लिए मैदान पर उतरते हैं तब आपको पता चलता है कि यह समर्थन टीम के लिए नहीं बल्कि धोनी के लिए है। यह बिल्कुल सही भी है क्योंकि पिछले कुछ साल में टीम को इसी तरह से तैयार किया गया है। उसमें धोनी को नेतृत्वकर्ता कहा गया है इसमें कुछ गलत भी नहीं है क्योंकि उन्होंने सीएसके की ओर से अपना प्रभाव छोड़ा है। उन्होंने सीएसके की टीम के लिए जो कुछ किया है उससे लोग उन्हें बेहद प्यार करते हैं। 43 वर्षीय धोनी अब कप्तानी भी नहीं करते हैं। वह आईपीएल में निचले क्रम में बल्लेबाजी के लिए आते हैं और उन्हें 10 से 15 गेंद ही खेलने को मिलती हैं।



## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में हो सकती है इस साल कटौती

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि अगर कच्चे तेल की कीमतें मौजूदा स्तर पर बनी रहती हैं तो इस साल पेट्रोल और डीजल के दाम घट सकते हैं। गौरतलब है कि 14 मार्च को लोकसभा चुनाव से ठीक पहले पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 2 रुपये प्रति लीटर की कटौती हुई थी। उससे पहले 22 मई 2022 को केंद्र सरकार ने एक्साइज ड्यूटी घटाई थी, जिससे पेट्रोल पर 13 रुपये और डीजल पर 16 रुपये प्रति लीटर की राहत मिली थी।



हरदीप पुरी ने कहा कि मैं पूरी गंभीरता से कह सकता हूं कि अगर लोग पूछते हैं कि ईंधन की कीमतें कब और कम होंगी, तो मेरा जवाब होगा कि अगर यह प्रवृत्ति जारी रहती है, तो कीमतों में कटौती की उचित संभावना है। एक अंग्रेजी अखबार की रिपोर्ट के अनुसार ईंधन की कीमतों में कटौती की उम्मीदें सितंबर 2023 से बनी हुई हैं, जब वैश्विक बाजार में ब्रेंट क्रूड की कीमतें 70 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गई थीं। हालांकि, बीच-बीच में कीमतों में हल्की बढ़ोतरी देखी गई, लेकिन ज्यादातर समय यह 70-75 डॉलर प्रति बैरल के दायरे में बनी रही। दिलचस्प बात यह है कि जहां सरकारी तेल कंपनियों ने कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट का फायदा ग्राहकों तक नहीं पहुंचाया, वहीं निजी कंपनियां 3 रुपये प्रति लीटर तक की छूट देकर बाजार में अपनी पकड़ मजबूत कर रही हैं। अब देखना यह होगा कि सरकार कब तक पेट्रोल-डीजल के दाम घटाने का फैसला लेती है या फिर लोगों को सस्ते ईंधन का इंतजार और लंबा करना पड़ेगा।

## एसबीआई की दो स्पेशल एफडी के लिए सिर्फ 2 दिन बाकी

### दोनों स्कीम में निवेश की आखिरी तारीख 31 मार्च

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश का प्रमुख बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) फिलहाल एसबीआई 2 ऐसी स्पेशल एफडी स्कीम- अमृत वृष्टि और अमृत कलश ऑपरेट कर रही हैं, जिसमें जोरदार रिटर्न मिल रहा है। इन दोनों स्कीम में निवेश की आखिरी तारीख 31 मार्च है। एसबीआई की 'अमृत वृष्टि' एफडी स्कीम 16 जुलाई 2024 को शुरू की गई थी और इसमें निवेश करने की आखिरी 31 मार्च 2025 है। इस स्कीम में आप 444 दिन के लिए निवेश कर सकते हैं। आम ग्राहकों के लिए 7.25 फीसदी सालाना और वरिष्ठ नागरिकों के लिए 7.75 फीसदी सालाना की ब्याज दर दी जाती है। अगर आप इस स्कीम में 2 लाख रुपये निवेश करते हैं तो 444 दिन बाद यानी मैच्योरिटी पर यह रकम बढ़कर 218532 रुपये हो जाएगी यानी आपको 18532 रुपये ब्याज के तौर पर मिलेंगे। वहीं वरिष्ठ नागरिकों को 109936 रुपये मिलेंगे। एसबीआई की 'अमृत कलश' एफडी स्कीम में 400 दिनों के लिए निवेश कर सकते हैं। यह योजना 12 अप्रैल 2023 को शुरू की गई थी और 31 मार्च 2025 तक उपलब्ध है। इसमें आम ग्राहकों के लिए 7.10 फीसदी और वरिष्ठ नागरिकों के लिए 7.60 फीसदी ब्याज दरें दी जाती हैं। अगर आप इस स्कीम में 2 लाख रुपये निवेश करते हैं तो 400 दिन बाद यानी मैच्योरिटी पर यह रकम बढ़कर 215562 रुपये हो जाएगी यानी आपको 15562 रुपये ब्याज के मिलेंगे।

## बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर फरवरी में घटकर पांच महीने के निचले स्तर पर

- पिछले साल इसी महीने में बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 7.1 प्रतिशत रही थी




**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर फरवरी में गिरावट देखी गई है। इस दौरान ये घटकर पांच महीने के निचले स्तर 2.9 प्रतिशत पर आ गई। यह जानकारी हाल ही में जारी किए गए आधिकारिक आंकड़ों से मिली। पिछले साल इसी महीने में बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 7.1 प्रतिशत रही थी। मासिक आधार पर इन उद्योगों की वृद्धि दर जनवरी में दर्ज 5.1 प्रतिशत की वृद्धि से कम रही। इससे पहले सितंबर में 2.4 प्रतिशत की न्यूनतम वृद्धि दर्ज की गई थी। फरवरी में कच्चा तेल तथा प्राकृतिक गैस उत्पादन की वृद्धि में गिरावट आई। कोयला, रिफाइनरी उत्पाद, इस्पात और बिजली की उत्पादन वृद्धि क्रमशः 1.7 प्रतिशत, 0.8 प्रतिशत, 5.6 प्रतिशत और 2.8 प्रतिशत रही। फरवरी 2024 में यह 11.6 प्रतिशत, 2.6 प्रतिशत, 9.4 प्रतिशत और 7.6 प्रतिशत थी। हालांकि, समीक्षाधीन महीने में उर्वरक तथा सीमेंट उत्पादन में क्रमशः 10.2 प्रतिशत और 10.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। चालू वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-फरवरी अवधि में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली की वृद्धि दर 4.4 प्रतिशत रही। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की समान अवधि में यह 7.8 प्रतिशत थी। आठ प्रमुख क्षेत्र औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27 प्रतिशत का योगदान है। आईआईपी समग्र औद्योगिक विकास को मापता है।

## सेंसेक्स और निफ्टी में आधा फीसदी से ज्यादा तेजी रही


- सेंसेक्स 191 अंक गिरकर 77,414.92 पर बंद
- निफ्टी 72 अंक गिरकर 23,519.35 पर बंद

**मुंबई, एजेंसी**



बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजार का प्रदर्शन मिलाजुला रहा। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन शेयर बाजार बढ़त के साथ खुले लेकिन सप्ताह के आखिर में इनमें गिरावट देखी गई। साप्ताहिक आधार पर देखें तो बीते सप्ताह दोनों सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में आधा फीसदी से ज्यादा की तेजी दर्ज की गई। घरेलू शेयर बाजार हफ्ते के पहले कारोबारी दिन हरे निशान पर खुला। बेंचमार्क शेयर बाजार सूचकांक सोमवार को लगातार छठे सत्र में बढ़त के साथ खुले। बाजार में तेजी का कारण वित्तीय और बैंकिंग क्षेत्र के दिग्गज शेयरों में तेजी रही। बीएसई सेंसेक्स 965.08 अंक चढ़कर 77,809.91 के स्तर पर खुला और 1,078.87 अंक उछलकर छह सप्ताह के उच्चतम स्तर 77,984.38 अंक पर बंद हुआ। एनएसई का निफ्टी 283.45 चढ़कर 23,633.85 पर खुला और 358.35 अंक बढ़कर 23,708.75 अंक पर बंद हुआ। मंगलवार को शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 418.54 अंक उछलकर 78,402.92 अंक पर खुला और 32.81 अंक या की बढ़त के साथ 78,017.19 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 107.85 अंक चढ़कर 23,766.20 अंक पर खुला और 10.30 अंक की बढ़त के साथ 23,668.65 अंक पर बंद हुआ। बुधवार को लगातार आठवें कारोबारी दिन बाजार में सकारात्मक रुख के साथ खुले। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 150.68 अंक चढ़कर 78,167.87 अंक पर खुला और 728.69 अंक गिरकर 77,288.50 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 67.85 अंक चढ़कर 23,736.50 अंक पर खुला और 80 अंक गिरकर 23,486.85 पर बंद हुआ। गुरुवार को कारोबार में सेंसेक्स 202.83 अंक चढ़कर 77,491.33 अंक पर खुला और 317.93 अंक चढ़कर 77,606.43 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 48.65 अंक चढ़कर 23,535.50 अंक पर खुला और 105.10 अंक बढ़कर 23,591.95 अंक पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन नकारात्मक रुख के साथ खुले। शुरुआती कारोबार में शुक्रवार को सेंसेक्स 144.66 अंक गिरकर 77,461.77 अंक पर खुला और 191.51 अंक गिरकर 77,414.92 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 38.7 अंक गिरकर 23,553.25 अंक पर खुला और 72.60 अंक गिरकर 23,519.35 पर बंद हुआ।

## 2025 में टाटा मोटर्स की तीन प्रमुख गाड़ियां करेंगी लॉन्च



**नई दिल्ली, एजेंसी**


साल 2025 में टाटा मोटर्स तीन प्रमुख गाड़ियां लॉन्च करने की योजना बना रही है, जिनमें टाटा अल्ट्रोज़ फेसलिफ्ट, टाटा हैरियर ईवी और टाटा सिएरा शामिल हैं। टेस्टिंग के दौरान देखी गई 2025 टाटा अल्ट्रोज़ फेसलिफ्ट में बाहरी और आंतरिक डिज़ाइन में मामूली बदलाव किए गए हैं। नई अल्ट्रोज़ में बड़ा इंफोटेनमेंट सिस्टम, नई सीट अपहोल्स्ट्री और वेंटिलेटेड फ्रंट सीट्स जैसे फीचर्स मिलने की संभावना है। मैकेनिकल स्तर पर कोई बदलाव नहीं होगा और यह मौजूदा 1.2एल पेट्रोल व 1.5एल टर्बो डीजल इंजन के साथ ही आएगी। अनुमानित कीमत 7-11.50 लाख रुपये होगी। टाटा हैरियर ईवी को भी जल्द लॉन्च किया जाएगा। एक्टी.ईवी प्लेटफॉर्म पर आधारित इस इलेक्ट्रिक एसयूवी में एडब्ल्यूडी सिस्टम और 500 एनएम तक का टॉर्क मिलेगा। इसमें अडास, 360-डिग्री कैमरा, वेंटिलेटेड फ्रंट सीट्स, पैनोरमिक सनरूफ और डुअल डिजिटल स्क्रीन जैसे फीचर्स होंगे। इसकी अनुमानित कीमत 24 लाख रुपये से शुरू हो सकती है। टाटा सिएरा की बहुप्रतीक्षित वापसी 2025 में होगी। इस एसयूवी में तीन इंजन विकल्प 1.5एल टर्बो पेट्रोल, 2.0 एल डीजल और इलेक्ट्रिक पावरट्रेन होंगे।

इसका डिजाइन आधुनिक और बॉक्सी होगा, जिसमें चौड़ी एलईडी लाइट स्ट्रिप देखने को मिलेगी। इसकी कीमत 10.50 लाख रुपये से शुरू हो सकती है। टाटा मोटर्स के ये नए मॉडल न सिर्फ पारंपरिक कारों के बाजार में बल्कि इलेक्ट्रिक वाहन सेगमेंट में भी कंपनी की पकड़ को और मजबूत करेंगे। बता दें कि टाटा मोटर्स भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए लगातार नए वाहन पेश कर रही है।



"विक्रम सम्वत् 2082" भारतीय नववर्ष,
सृष्टि आरंभ दिवस एवं गुड़ी पड़वा के पावन पर्व की
प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री | मंगुभाई पटेल, राज्यपाल | डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

# विक्रमोत्सव

26 फरवरी से 30 जून 2025

**मुख्य अतिथि**
मंगुभाई पटेल
राज्यपाल

**अध्यक्षता**
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री

**गरिमामयी उपस्थिति**
डॉ. अर्जुनराम मेघवाल
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
विधि एवं न्याय, भारत सरकार

प्रदेश स्तर पर ब्रह्मध्वज स्थापना एवं सम्राट विक्रमादित्य पर केन्द्रित नाट्य प्रस्तुति

वीर भारत संग्रहालय का भूमिपूजन
सायं 5:00 बजे, कोठी महल

रुद्र सागर, लाइट एंड साउंड शो का उद्घाटन
सायं 6:30 बजे, श्री महाकाल-महालोक परिसर

**सम्राट विक्रमादित्य हेरिटेज होटल का लोकार्पण**
सायं 6:00 बजे, महाराजवाड़ा परिसर

**30 मार्च, 2025, उज्जैन**

जन सहभागिता से जलस्रोतों को सहेजने के लिए
जल गंगा संवर्धन अभियान
शुभारंभ
30 मार्च से 30 जून, 2025
सायं 7:00 बजे, क्षिप्रा तट

'जल दूत' के रूप में सहभागिता के लिए mybharat.gov.in पर पंजीयन करायें



सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh | @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP | JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी D-11218/24 आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025